page 1_Layout 1 19-10-2026 22:02 Page 1

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़



» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » मंगलवार, 20 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :177 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पढ़े पृष्ठ 6 पर...



परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड

'आप' विधायकों के घर का घेराव करेगी इंसाफ कमेटी

डेली आवाज भारती



मानसा। मानसा में नशा विरोधी एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच राज्य सरकार ने बातचीत के जरिए गतिरोध खत्म करने की कोशिश तेज कर दी है। सरकार ने झोटा हत्याकांड को लेकर गठित एक्शन कमेटी से बातचीत करने के लिए तीन महिला IAS अधिकारियों की टीम बनाई है। इस टीम में कंवलप्रीत कौर बराड़, अपनीत रियात और मानसा की डिप्टी कमिश्नर (DC) नवजोत कौर शामिल हैं। कंवलप्रीत कौर बराड़ फरीदकोट रेंज की कमिश्नर हैं, जबकि अपनीत रियात पहले मानसा की DC के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं। इससे पहले सरकार की पहल पर एक्शन कमेटी ने पुलिस अधिकारियों के साथ वार्ता करने से इनकार कर दिया था। परविंदर झोटा की हत्या को लेकर मानसा में विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। उनका शव पिछले 7 दिनों से मानसा के अस्पताल में रखा हुआ है। पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार को लेकर एक्शन कमेटी के अड़े रहने से मामला लगातार गंभीर बना हुआ है। हालांकि, एक्शन कमेटी अपनी मांगों पर अड़ी है और मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा पंजाब के डीजीपी के इस्तीफे की मांग कर रही है।

पंजाब में 'आप' विधायकों का करेंगे घेराव

इसी बीच, झोटा हत्याकांड में इंसाफ की मांग को लेकर इंसाफ कमेटी ने पंजाब भर में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों के आवासों का घेराव करने का ऐलान किया है। कमेटी के सदस्य विधायकों को विरोध स्वरूप 'लानत पत्र' सौंपेंगे। इंसाफ कमेटी ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई विधायक 'लानत पत्र' लेने से इनकार करता है, तो कमेटी के सदस्य उस पत्र को उसके घर के बाहर चिपका देंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 21 अक्टूबर को राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को देंगे श्रद्धांजलि

डेली आवाज भारती

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार, 21 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर गृह मंत्री ÒFight Against Drugs' यानी 'नशे के खिलाफ लड़ाई' के संदेश के साथ आयोजित देशव्यापी मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस रैली में देश के विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय पुलिस बलों के मोटरसाइकिल सवार भाग लेंगे। ये सभी राइडर्स गुजरात के एकता नगर पहुंचकर एकता परेड-2026 में शामिल होंगे। 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में एक सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में पुलिस के 10 वीर जवानों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इन शहीदों तथा ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले अन्य सभी पुलिसकर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

पुलिसकर्मियों के बलिदान को सदैव याद रखने और राष्ट्रीय सुरक्षा एवं एकता बनाए रखने में पुलिस बलों की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक को राष्ट्र को समर्पित किया था। गृह मंत्री द्वारा रवाना की जाने वाली मोटरसाइकिल रैली में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 90 पुलिस राइडर्स भाग लेंगे। इनमें जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के राइडर्स शामिल होंगे। इसके अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों–सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी और एनएसजी तथा कुछ केंद्रीय पुलिस संगठनों–आरपीएफ, एनडीआरएफ और एनआईए के प्रतिनिधि भी इस रैली में हिस्सा लेंगे।

बीबा हरसिमरत कौर बादल ने गृहमंत्री अमित शाह से परविंदर सिंह झोटा की नृशंस हत्या की सीबीआई जांच का आदेश देने का आग्रह किया

पंजाब में नशे के कारोबार में राजनेता-पुलिस गठजो की व्यापक जांच की मांग की

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजनः शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की वीभत्स हत्या की सीबीआई जांच करने का आदेश देने का आदेश देने का आग्रह किया और पंजाब में ड्रग व्यापार में राजनेता-पुलिस गठजो की व्यापक जांच की मांग की है। गृहमंत्री को लिखे पत्र में बठिंडा सांसद ने बताया कि कैसे नशा विरोधी अभियान चलाने वाले मृतक के पिता भीम सिंह के पुलिस को बयान दिए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नही की जा रही और शोक संतप्त पिता के बयान के सभी पहलुओं की जांच की मांग की है। बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि भीम सिंह ने अपने बयान में जोर देकर कहा है कि उनका बेटा परविंदर झोटा पंजाब में नशे के कारोबार के पीछे राजनेता-पुलिस मिलीभगत का शिकार हो गया और कैसे इस गठजो को मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्य



के डीजीपी गौरव यादव समेत शीर्ष स्तर के अधिकारियों का संरक्षण मिल रहा है। उन्होने कहा कि भीम सिंह ने बताया कि उनके बेटे ने अश्विनी कुमार के मेडिकल की दुकान पर जाने से पहले डीएसपी को सूचित किया था, जिसने बेरहमी से उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होने कहा कि यह तथ्य के साथ जु ा हुआ है कि अश्विनी ने परविंदर झोटा को गोली मारने से पहले उसने किसी के साथ विस्तार से बातचीत की थी, जिससे इस जघन्य अपराध के पीछे एक व्यापक साजिश का पता चलता है। बठिंडा सांसद ने कहा कि भीम सिंह ने अपने बेटे की कहानी और कैसे झूठे मामलों में फंसाकर उसे गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। बीबा बादल ने कहा,'' भीम सिंह ने विशेष रूप से बताया कि इन झूठे मामलों के पीछे राज्य के डीजीपी और मानसा एसएसपी का हाथ है।'' उन्होने आगे बताया शोक संतप्त पिता ने यह भी बताया कि जब उनका बेटा जेल में था ,तब मानसा के एसएसपी ने उसे कहा था कि अगर उसने नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज उठाना जारी रखा तो उसे मार दिया जाएगा। भीम सिंह ने अपने बयान में यह भी कहा कि पुलिस अधिकारी भी नशे के कारोबार में शामिल हैं और मानसा के डीएसपी संजीव गोयल के पास तो मेडिकल ड्रग को बनाने वाले निर्माण संयंत्र भी थे जिसका उपयोग ड्रग के उत्पादन के लिए किया जाता था। बीबा बादल ने विस्तार से बताया कि भीम सिंह ने बताया कि मानसा में स्थानीय ड्रग इंस्पेक्टर शीशम मित्तल की भी ड्रग माफिया के साथ मिलीभगत है और उन्होने मेडिकल स्टोर के खिलाफ अपेक्षित अनुकरणीय कार्रवाई नही की थी।

बरनाला में युवक का अपहरण कर हत्या, तीन दिन बाद शैहणा नहर के पास मिला शव

डेली आवाज भारती



मृतक की फाइल फोटो।

बरनाला। शहर के एक चर्चित नशा छुड़ाओ केंद्र में सेवाएं निभाने वाले 25 वर्षीय गुरदीप सिंह सेखा की रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। आरोप है कि ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे गुरदीप सिंह का कार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया और बाद में उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने एक आरोपी की निशानदेही पर सहिणा नहर के पास से शव बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरदीप सिंह बरनाला स्थित एकता नशा छुड़ाओ केंद्र में पीआरओ के पद पर कार्यरत था। 16 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद वह मोटरसाइकिल पर अपने गांव सेखा की ओर जा रहा था। जब वह बरनाला-सेखा रोड पर स्थित एक

ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था नशा छुड़ाओ केंद्र का पीआरओ गुरदीप सिंह सेखा, फुफेरे भाई समेत कई लोगों पर हत्या का आरोप



गद्दों की फैक्ट्री के पास पहुंचा तो कार सवार कुछ अज्ञात व्यक्ति उसे कथित तौर पर जबरन अपने साथ ले गए। देर रात तक गुरदीप के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कोई सुराग नहीं मिलने पर उसके पिता राज सिंह ने थाना सिटी-2 बरनाला में शिकायत दी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

गांवों में जाकर युवाओं को नशे के खिलाफ करता था जागरूक

नशा छुड़ाओ केंद्र के मैनेजर जगजीत सिंह ने बताया कि गुरदीप सिंह काफी समय से केंद्र में नौकरी कर रहा था। वह गांवों में जाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करता था। वह नशे की लत में फंसे युवाओं को इलाज करवाकर बेहतर जिंदगी शुरू करने के लिए प्रेरित करता था। उन्होंने बताया कि गुरदीप सिंह 16 अक्टूबर को शाम पांच बजे ड्यूटी खत्म करके गांव जा रहा था। उसके साथ हुई घटना की जानकारी उन्हें परिवार के सदस्यों से मिली।

फुफेरे भाई समेत कई लोगों पर हत्या का आरोप

पुलिस जांच के दौरान गांव पखोके निवासी जगदेव सिंह उर्फ देबी को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि जगदेव सिंह मृतक गुरदीप सिंह की बुआ का बेटा है। पुलिस पूछताछ में कथित तौर पर सामने आया कि जगदेव सिंह उर्फ देबी, परविंदर सिंह, नीसू और उनके कुछ अन्य साथियों ने मिलकर गुरदीप सिंह की गला घोंटकर हत्या की और शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से सहिणा नहर के पास फेंक दिया।थाना सिटी-दो बरनाला के एसएचओ चरणजीत सिंह ने बताया कि नामजद आरोपियों और अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

हत्या के पीछे अवैध संबंधों का शक

उधर, गांव सेखा के कुछ गणमान्य लोगों ने हत्या के पीछे कथित अवैध संबंधों को वजह होने का संदेह जताया है। उनके अनुसार, आरोपी जगदेव सिंह उर्फ देबी काफी समय तक अपने ननिहाल में भी रहा था। चर्चा है कि उसके किसी महिला के साथ कथित अवैध संबंध थे, जिनका गुरदीप सिंह विरोध करता था। बताया जा रहा है कि इसी विवाद के चलते गुरदीप को रास्ते से हटाने की साजिश रची गई हो सकती है। हालांकि, हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और असली कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

CMYK

page 2_Layout 1 19-10-2026 20:40 Page 1

कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा की कोठी के बाहर विभिन्न संगठनों का धरना

- 'लाहनती पत्र' को लेकर जुटे कई संगठनों के नेता, पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुरक्षा पर उठाए सवाल

डेली आवाज भारती



सुनाम। पंजाब में नशे के मुद्दे और इसके खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों के साथ कथित तौर पर हो रही कार्रवाई के विरोध में आज सुनाम में कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा की कोठी के बाहर विभिन्न संगठनों और नेताओं ने धरना दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक एकत्रित हुए और पंजाब सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए 'लाहनती पत्र' के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। धरने में शामिल विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या गंभीर बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। वक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार से सवाल पूछने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाती है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पंजाब में नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कोई व्यक्ति नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसकी शिकायतों पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए, न कि उसे कथित रूप से परेशान किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि 'लाहनती पत्र' के जरिए सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करने का उद्देश्य पंजाब सरकार को उसकी जिम्मेदारियों का एहसास करवाना है।

विभिन्न नेताओं ने रखे विचार

धरने के दौरान विनरजीत गोल्डी, भाजपा के जिला अध्यक्ष दामन बाजवा और एडवोकेट हरदीप भरूर (वारिस पंजाब दे) ने भी अपने विचार रखे। नेताओं ने पंजाब में नशे की समस्या और इससे जुड़े मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ कार्रवाई और लोगों को न्याय दिलाने के मुद्दे पर उनकी आवाज आगे भी बुलंद रहेगी।

किसान को उद्यमी बनाना हमारा उद्देश्य : धनखड़

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हसनपुर कृषि मेले को लेकर क्षेत्र के किसानों में जोश और उत्साह का माहौल है। पूर्व कृषि औमप्रकाश धनखड़ ने पटौदा में किसानों से मुलाकात के दौरान बताया कि दिल्ली एनसीआर बाजार में प्रतिदिन फल, फूल सब्जी, दूध, खाद्य उत्पाद, शहद, फिश आदि का लगभग 400 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। यानि साल का एक लाख करोड़ रुपए से अधिक। हम मेहनती हैं, खेती की जमीन हमारे पास है, नई नई तकनीक अपनाने में हमारे युवा सक्षम है, फिर भी हम दिल्ली एनसीआर के बाजार में अपनी हिस्सेदारी नहीं बढ़ा पा रहे हैं। अगर हम बाजार की जरूरत की आधी मांग भी पूरी कर दें तो हर रोज हमारे किसानों के पास 200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आय का कारोबार होगा। मुनीमपुर गावँ में फूल की खेती के लिए उत्तम किस्म की पौध ,बीज और ट्रेनिंग देने का प्रावधान हमने इजरायल की तर्ज पर किया है। वहीं सब्जी और फल के लिए रईया में उत्कृष्टता केंद्र किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया है। पूर्व कृषि मंत्री एवं मेले के आयोजक धनखड़ ने कहा कि किसानों को जागरूक करने, खेती की नई तकनीक से अवगत कराने, सफल किसानों के अनुभव साझा करने,कृषि और मार्केटिंग विशेषज्ञों से लाभकारी जानकारी अपने किसानों तक पहुंचाने के लिए हसनपुर में पीएम मोदी जी से प्रेरित होकर सेवा भाव के तहत कृषि मेला आयोजित किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य किसानों उद्यमी बनाना है। उद्यमशीलता से ही हमारा किसान प्रॉफिट में आएगा। उन्होंने कहा कि पहले कृषि शिखर सम्मेलन बड़े बड़े शहरों में आयोजित होते थे। इस बार हम कृषि शिखर सम्मेलन 2026 को अपने किसानों के बीच 23 अक्टूबर को एमआर स्कूल हसनपुर में आयोजित कर रहे है। कृषि मेले में किसानों के जलपान के लिए भंडारा भी चलेगा। कृषि मेले में किसानों के लिए ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल,स्कूटी ईनाम पूर्व कृषि मंत्री धनखड़ ने बताया कि मेले में पहुंचने वाले किसानों को लक्की ड्रॉ के माध्यम से ट्रैक्टर, रोटावेटर , मोटरसाइकिल और महिलाओं को स्कूटी मिलेगी।

किसानों को उद्यमशीलता के टिप्स देंगे विशेषज्ञ

किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि पदम श्री किसान और पशु पालक मेले में अपनी सफलता के अनुभव हमारे किसानों के साथ साझा करेंगे। वहीं कृषि उद्यमी कृषक विकास चैंबर के विशेषज्ञ विशेष रूप से किसानों को खेती को उद्यमशीलता में बदलने के टिप्स देंगे। धनखड़ ने कहा कि जिलाभर से ज्यादा से ज्यादा किसानों को मेले में पहुंचकर लाभ लेना चाहिए, साथ ही ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, रोटावेटर,स्कूटी जितने के लिए अपनी किस्मत भी आजमानी चाहिए।

अलीशेर सड़क हादसे ने खोली सुरक्षा व्यवस्था की पोल, घायलों का हाल जानने पहुंचे कांग्रेस नेता विजयइंदर सिंगला

कहा, यह बेहद दुखद घटना है, जिसमें गरीब परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा

डेली आवाज भारती



लहरागागा/संगरूर। पंजाब के संगरूर जिले के लहरागागा क्षेत्र के गांव अलीशेर में मनरेगा मजदूरों के साथ हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे में प्रभावित मजदूरों का हाल जानने के लिए कांग्रेस नेता विजयइंदर सिंगला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों के उपचार की जानकारी ली और पंजाब सरकार से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता देने की मांग की। विजयइंदर सिंगला ने बताया कि मजदूर काम के दौरान पानी पी रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है, जिसमें गरीब परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सिंगला के अनुसार, हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ दिया। उन्होंने हादसे के बाद राहत एवं बचाव व्यवस्था में कथित देरी पर भी सवाल उठाए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद एंबुलेंस घटनास्थल पर करीब एक से डेढ़ घंटे की देरी से पहुंची। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिलना बेहद जरूरी है। प्रशासन को ऐसी घटनाओं में आपातकालीन सेवाओं की तत्परता सुनिश्चित करनी चाहिए। सिंगला ने बताया कि उनके अनुसार, तीन घायल मरीज संगरूर अस्पताल में भर्ती थे। इनमें से एक की हालत ठीक बताई गई, जबकि दो की गंभीर स्थिति के कारण उनका सीटी स्कैन कराया जा रहा था। इसके अलावा, दो घायलों को बेहतर उपचार के लिए पटियाला रेफर किए जाने की जानकारी दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले छह लोगों के शव मूनक अस्पताल की मोर्चरी में रखे गए थे। मृतकों और घायलों की संख्या से संबंधित जानकारी प्रशासन से सत्यापित किया जाना जरूरी है।

सरकार से आर्थिक सहायता और बेहतर इलाज की मांग

विजयइंदर सिंगला ने पंजाब सरकार और स्वास्थ्य मंत्री से मांग की कि हादसे से प्रभावित गरीब परिवारों को उचित आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज और उनके परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे हादसों के बाद सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि पीड़ित परिवारों को समय पर सहायता मिले तथा घायलों के उपचार में किसी तरह की कमी न रहे।

राखीगढ़ी ऐतिहासिक स्थल हजारों वर्ष पुरानी पहचान, आत्मीयता और स्वाभिमान का प्रतीक : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राखीगढ़ी की मिट्टी में हमारे पुरखों के श्रम, हुनर और एक विकसित सभ्यता की स्मृतियां सुरक्षित हैं। यह ऐतिहासिक स्थल हमारी हजारों वर्ष पुरानी पहचान, आत्मीयता और स्वाभिमान का प्रतीक है। सरकार राखीगढ़ी के संरक्षण, अनुसंधान, पर्यटन और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सोमवार को हांसी जिला के राखीगढ़ी में 7 दिवसीय 'राखीगढ़ी महोत्सव-2026' के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस वर्ष महोत्सव की थीम 'माटी से महोत्सव तक' रखी गई है। इस अवसर पर विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम के दौरान राखीगढ़ी की ग्राम पंचायत की तरफ से दिए गए मांग पत्र को पूरा करने का आश्वासन भी दिया, साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत को 51 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राखीगढ़ी में बन रहे संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने महोत्सव में लगाई गई विभिन्न स्टॉल पर खरीदारी भी की तथा खेल गतिविधियों और साइट पर आयोजित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने पुरातत्व विभाग द्वारा लगाए गए खुदाई के डेमो का भी अवलोकन किया, जिसमें खुदाई की प्रक्रिया को समझाने के साथ उस दौरान मिले अवशेषों को प्रदर्शित किया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा तथा हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने सील का भी अवलोकन किया। नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि राखीगढ़ी का यह महोत्सव हमें अपनी जड़ों को जानने और आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपना दायित्व समझने का अवसर देगा। 'माटी से महोत्सव तक' की थीम में हमारी सभ्यता की यात्रा समाई हुई है। यही माटी किसान के हाथों में अन्न बनती है, कुम्हार के हाथों में आकार लेती है और कलाकार के हाथों में संस्कृति की अभिव्यक्ति बन जाती है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र ने मानवता को कर्म का संदेश दिया, जबकि राखीगढ़ी ने हजारों वर्ष पहले की सभ्य मानव संस्कृति को उजागर किया है।

नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ना जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास की सार्थकता उससे मिलने वाली सीख में भी है। राखीगढ़ी की सुनियोजित बस्ती हमें यह सोचने का अवसर देती है कि हम अपने गांवों और शहरों को अधिक स्वच्छ, संवेदनशील और प्रकृति के अनुकूल कैसे बनाएं। उन्होंने युवाओं से अपनी विरासत को जानने और उसकी सही जानकारी आगे पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाषाएं सीखें, संवाद का कौशल बढ़ाएं और डिजिटल माध्यमों पर राखीगढ़ी की प्रामाणिक कहानी पहुंचाएं। विद्यालयों में राखीगढ़ी विषय पर प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियां भी इस दिशा में उपयोगी पहल हैं। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों को स्थानीय विरासत से परिचित कराने तथा ऐतिहासिक स्थलों और संग्रहालयों तक लेकर जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिस बच्चे को अपने आसपास के इतिहास की जानकारी होगी, वह दुनिया में कहीं भी जाकर अपनी धरती की कहानी गर्व और प्रमाणिकता के साथ बता सकेगा।

हरियाणा दिवस पर जाट भवन की नई लिफ्ट का सांसद मनीष तिवारी करेंगे शुभारंभ

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़ जाट सभा चंडीगढ़/पंचकुला की कार्यकारी समिति की बैठक सभा के प्रधान डॉ. महेन्द्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में सेक्टर-27 स्थित जाट भवन में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में जाट सभा के दिवंगत सदस्यों एवं उनके संबंधियों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात सभा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर क्रमबद्ध तरीके से चर्चा की गई और साथ ही %चौ. छोटूराम यात्री निवास कटड़ा% के भवन निर्माण की प्रगति पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

बैठक के बाद जानकारी देते हुए जाट सभा के प्रधान डॉ मलिक ने बताया कि जाट भवन चंडीगढ़ में सांसद मनीष तिवारी की सांसद निधि से नवनिर्मित लिफ्ट बन कर तैयार हो गई है, अब उसका उद्घाटन सांसद मनीष तिवारी स्वयं 1 नवंबर 2026 को %हरियाणा दिवस% के अवसर पर करेंगे। इसी बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों की नियुक्तियाँ भी की गईं।

सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार श्योकंद को संगठन का नया उप-प्रधान, सेवानिवृत्त उप-मंडल अधिकारी रामफल नैन को वित्त सचिव तथा गौरव श्योराण पुत्र आर. आर श्योराण को कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है। बैठक में उप-प्रधान जयपाल पुनिया, सचिव बी. एस गिल, संयुक्त सचिव एम. एस फौगाट तथा एस. एस हुड्डा, पब्लिक रिलेशन सेक्रेटरी जे0 एस0 ढिल्लो तथा एडिटर मनबीर सांगवान सहित सभा के अन्य प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अग्रवाल समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है : अशोक बुवानीवाला

डेली आवाज भारती



गुरुग्राम। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की ओर से गुरुग्राम विश्वविद्यालय सेक्टर-51 में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। शनिवार की रात को हुए सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवियों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाओं से महाराजा अग्रसेन जी को नमन किया, वहीं हंसी-ठिठोली का माहौल बनाते हुए लोगों को खूब हंसाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला रहे। जिला अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल, जीएसएल ग्रुप के चेयरमैन राजेश गोयल, समाजसेवी शरद गोयल, वशिष्ठ कुमार गोयल, रवि सिंहल सोहना आरके इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. के एमडी राकेश जैन, सोहना नगर परिषद से पार्षद संदीप सिंगला, रासा ग्रुप एंड अवनी इंफ्रा राहुल अग्रवाल, मेगा मॉल गुरुग्राम के प्रेजीडेंट अमित गोयल, अग्रवाल सभा सोहना रोहित गर्ग, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सराफ, प्रदेश उपाध्यक्ष रोशन लाल गोयल, प्रदेश महामंत्री बलवान गुप्ता, उपमहासचिव हरिओम मित्तल, प्रदेश प्रचार मंत्री उमेश गर्ग, गुरुग्राम के प्रभारी अंकुश जैन ने शिरकत की। एवीएस के जिला महासचिव अंकुश गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष डा. विकास गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष सुभाष गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया।सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि अनिल अग्रवंशी, सूरत से श्रृंगार रस कवयित्री सोनल जैन, अंतरराष्ट्रीय गीतकार दिनेश रघुवंशी फरीदाबाद, अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि प्रवीण शुक्ल दिल्ली, भीलवाड़ा से राष्ट्रीय हास्य कवि दीपक पारिक ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी।

प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला सभी को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम एक ऐसे महापुरुष की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने हजारों साल पहले समाजवाद की नींव रखी थी। महाराजा अग्रसेन जी का सिद्धांत था-एक रुपया और एक ईंट। इसी सिद्धांत से उन्होंने एक ऐसे अग्रोहा नगर का निर्माण किया जहां कोई गरीब नहीं था, कोई भूखा नहीं सोता था। उन्होंने कहा कि अग्रसेन जी ने हमें व्यापार सिखाया, लेकिन व्यापार के साथ-साथ सेवा भी सिखाई।

उन्होंने कहा था कि लक्ष्मी वहीं बसती है जहां परिश्रम, ईमानदारी और दान है। आज अग्रवाल समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हम टैक्स में सबसे आगे हैं, समाज सेवा में सबसे आगे हैं, गौ सेवा, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में हमारा योगदान अतुलनीय है। लेकिन आज हमें आत्मचिंतन करने की जरूरत है। महाराजा अग्रसेन जी ने 18 गणों को एक किया था, 18 गोत्र बनाए थे। उनका संदेश ही एकता का था। आज बिखराव का समय नहीं है। पूरे हरियाणा और देश में वैश्य समाज को एकजुट होना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि अपने बच्चों को संस्कार दें, उन्हें महाराजा अग्रसेन जी के आदर्श बताएं। हमारे बच्चे सिर्फ अच्छे व्यापारी ही नहीं, अच्छे समाजसेवी और अच्छे राष्ट्रभक्त भी बनें। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान बार एसोसिएशन सोहना रजनीश अग्रवाल, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, विनोद गुप्ता, पवन गुप्ता, सुरेश ऐरन, वेद मंगला, केबी गुप्ता समेत अनेक लोग मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए दिवाली से कम नहीं है। आज हमारे कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी का जन्मदिवस है। गुरुग्राम जिला अग्रवाल समाज के लिए गर्व का विषय है। हमारे बच्चों ने कितनी सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। यही हमारी ताकत है। हम अपने बच्चों में संस्कार और प्रतिभा दोनों को एक साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सोशल मीडिया के युग में अपनी जड़ों से जुड़े रहो। महाराजा अग्रसेन जी ने हमें अहिंसा, शांति और सहयोग का मार्ग दिखाया। हमें उसी मार्ग पर चलना है। हम संकल्प लें कि हम समाज में फैली कुरीतियों को दूर करेंगे और एक-दूसरे के व्यवसाय को सहयोग देकर आगे बढ़ाएंगे।

हरियाणा: नशामुक्ति के सरकारी दावे खोखले, इलाज के अभाव में नशे से नहीं निकल पा रहे युवा : सैलजा

डेली आवाज भारती



सिरसा। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने हरियाणा में बढ़ते नशे और नशामुक्ति केंद्रों की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। सांसद ने कहा कि सरकार नशामुक्त हरियाणा बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों के विपरीत है। बेरोजगारी, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और उपचार सुविधाओं के अभाव ने युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। नशे के कारण परिवार बर्बाद हो रहे हैं और सामाजिक वातावरण तथा कानून व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के नशामुक्ति केंद्रों में पिछले पांच वर्षों के दौरान करीब 1.84 लाख युवाओं ने उपचार करवाया है। प्रदेश में 134 पंजीकृत नशामुक्ति केंद्र हैं, जिनमें केवल 26 सरकारी हैं। कई केंद्रों में पर्याप्त चिकित्सक, प्रशिक्षित कर्मचारी, दवाइयां और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यह स्थिति सरकार की नशामुक्ति नीति और स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर खामियों को उजागर करती है। सांसद ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि जो युवा स्वयं नशा छोड़कर सामान्य जीवन में लौटना चाहते हैं, उन्हें भी समुचित उपचार, काउंसलिंग और पुनर्वास की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। निजी नशामुक्ति केंद्रों में उपचार पर भारी खर्च होने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार आर्थिक संकट झेल रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की नीति युवाओं को नशे से बचाकर शिक्षा, रोजगार और सम्मानजनक जीवन के अवसर उपलब्ध कराने की रही है। नशे की समस्या केवल पुलिस कार्रवाई से समाप्त नहीं होगी। इसके लिए नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, रोजगार के अवसर, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक जागरूकता को प्राथमिकता देनी होगी। सांसद ने मांग की कि प्रत्येक जिले में सरकारी नशामुक्ति सुविधाओं का विस्तार किया जाए। विशेषज्ञ चिकित्सक, निशुल्क दवाइयां, मनोवैज्ञानिक परामर्श और पुनर्वास की समुचित व्यवस्था हो। निजी केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए।

पंचकूला में 2 नवंबर को होगा जनप्रतिनिधि सम्मेलन, विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा की ओर से 2 नवंबर को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले जनप्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल होंगे। सम्मेलन की तैयारियों में जुटे विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार देर शाम संत कबीर कुटीर पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्मेलन के उद्घाटन एवं समापन सत्र में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के साथ संविधान पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा और अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा की। उन्होंने संविधान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा संसदीय प्रणाली और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के संबंध में भी विचार-विमर्श किया। गौरतलब है कि हरियाणा विधान सभा की ओर से 2 नवंबर से संविधान पखवाड़े का शुभारंभ किया जाएगा। इसके तहत संविधान, संसदीय प्रणाली और लोकतांत्रिक परंपराओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम लोक सभा के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे। जनप्रतिनिधि सम्मेलन इसी आयोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

FSSAI ने खाद्य सुरक्षा और भ्रामक लेबल को लेकर जेप्टो और तीन कंपनियों को जारी किया नोटिस

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने सोमवार को कहा कि उसने खाद्य सुरक्षा, लेबलिंग और विज्ञापन दावों से संबंधित कथित उल्लंघनों के लिए जेप्टो और खाद्य व्यवसाय संचालकों हेल्दीहे फूड्स एलएलपी, बेकलाइट फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड और बीएमएस लाइफसाइंस को नोटिस जारी किए हैं, साथ ही स्टोरिया फूड्स एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही को भी मंजूरी दी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कहा है कि उसने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। नियामक ने %जेप्टो मार्केटप्लेस प्राइवेट लिमिटेड% को एक नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है। यह बेसन के दो पैकेट की डिलीवरी से जुड़ी एक शिकायत के संबंध में है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि यह पैकेट एक्सपायर थे।

एफएसएसएआई के अनुसार, इन उत्पादों पर यूज बायर 12 सितंबर 2026 लिखा हुआ था और आरोप है कि इनकी डिलीवरी एक्सपायरी तारीख बीत जाने के बाद की गई। नियामक ने जेप्टो को निर्देश दिया है कि वह इस शिकायत की जांच करे और ऑर्डर, डिलीवरी, वेयरहाउस, विक्रेता और उत्पाद से जुड़ी पूरी जानकारी उपलब्ध कराए। इसके अलावा, एफएसएसएआई ने हेल्दीहे फूड्स एलएलपी को उसके %हेल्दीहे न्यूट्रिशन नेचुरल क्रैनबेरी एक्सट्रैक्ट 25 प्रतिशत कैप्सूल% से संबंधित कथित भ्रामक दावों के लिए नोटिस जारी किया है। नियामक ने कहा कि उसे उत्पाद लेबल पर रंग संबंधी घोषणाओं में खामियां मिलीं और %मूत्र मार्ग स्वास्थ्य में सहायक% जैसे दावों को रोग-जोखिम कम करने वाले दावे के रूप में पहचाना गया, जबकि इनके लिए एप्रूवल की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, एफएसएसएआई ने बेकलाइट फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड को भी ब्लिंकइट और जेप्टो जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से बेचे जाने वाले उसके मालपानीज बेक-लाइट पुणेरी क्रीम रोल के लेबलिंग और मार्केटिंग को लेकर नोटिस जारी किया है। नियामक के अनुसार, उत्पाद की सामग्री सूची में परिष्कृत गेहूं का आटा, हाइड्रोजनीकृत वनस्पति वसा, मार्जरीन और चीनी शामिल हैं, लेकिन इसमें दूध, दूध वसा, क्रीम या अन्य डेयरी सामग्री नहीं है।

CMYK

page 3_Layout 1 19-10-2026 20:22 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ मंगलवार, 20 अक्तूबर 2026

मंदिर श्री काली द्वारा, कादियां में दुर्गा अष्टमी का त्योहार श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया

हलका इंचार्ज सरदार गुरइकबाल सिंह माहल ने हवन-यज्ञ में आहुतियां डालीं और झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की

डेली आवाज भारती

कादियां, (अमनदीप संधू): मंदिर श्री काली द्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से मेन बाजार कादियां स्थित मंदिर श्री काली द्वारा में श्री दुर्गा अष्टमी का पवित्र त्योहार बड़ी धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से विधानसभा हलका कादियां आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज सरदार गुरइकबाल सिंह माहल अपनी धर्मपत्नी सहित मंदिर में नतमस्तक हुए। धार्मिक समारोह की शुरुआत हवन-यज्ञ से की गई। इस दौरान सरदार गुरइकबाल सिंह माहल एवं उनकी धर्मपत्नी, डॉ. तिलक राज घुम्मण एवं उनकी धर्मपत्नी, सरदार जसवंत सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी, श्री वीरू सेठ जी एवं उनकी धर्मपत्नी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ में



आहुतियां डालकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर झंडा चढ़ाने की रस्म सरदार गुरइकबाल सिंह माहल द्वारा अदा की गई। इस अवसर पर सरदार गुरइकबाल सिंह माहल ने कहा कि दुर्गा अष्टमी का पवित्र त्योहार देश-विदेश में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार हमें माता रानी की भक्ति करने, सच्चाई के मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भावना और भाईचारे की भावना बनाए रखने की प्रेरणा देता है। मंदिर कमेटी के प्रधान श्री पवन कुमार पाटिया ने कहा कि मंदिर कमेटी की ओर से धार्मिक समारोह श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने समारोह में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन लोगों को अपनी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी के समक्ष सर्वजन के कल्याण और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। समारोह में चेयरमैन राजिंदर कुमार भाटिया, प्रधान पवन कुमार भामड़ी (प्रधान भैरो मंदिर कमेटी), उपप्रधान अमित कुमार भाटिया, सुरिंदर भाटिया, मोती लाल टेलर, पंकज सिंह, राहुल मेहरा, सतनाम सिंह भाटिया, साजन महाजन, अनिल गुप्ता, पूर्ण चंद पूरी, अमित शर्मा, हीरा लाल, सोनू, विशाल बल्लग्न, डीपल वर्मा, गोल्डी खोसला, राहुल मेहरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मां दुर्गा पूजा समिति उत्तर रेलवे फिरोजपुर ने आयोजित किया धार्मिक समारोह

समारोह में नौ दिनों तक गूंजे मां दुर्गा के जयकारें

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति उत्तर रेलवे फिरोजपुर द्वारा ड्राइवर एवं गार्ड रनिंग रूम के समीप मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। 11 से 19 अक्तूबर तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में रेलवे के विभिन्न विभागों के कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग लेकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पंडाल में मां दुर्गा के साथ भगवान गणेश, कार्तिकेय, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और भगवान शिव की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक नितिन गर्ग ने मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती की और आशीर्वाद प्राप्त किया। 18 अक्तूबर को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने आरती एवं रात्रि जागरण में भाग लेकर माता का गुणगान किया। 19 अक्तूबर को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ कन्या पूजन एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया जा रहा है। 20 अक्तूबर को विजयदशमी के अवसर पर प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा, जबकि 21 अक्तूबर को विशाल लंगर लगाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के सक्रिय सदस्यों धर्मेन्द्र कुमार, ए.के सिंह, रमाकांत सिंह, ब्रजेश यादव, राज नारायण, विक्रांत, मुरलीधर श्रीवास्तव, मनीष कुमार, हरिताभ, धर्मेंद्र यादव, दीपक कुमार, सतेन्द्र कुमार, मनदीप कुमार, आशीष, दिलीप, अमित, मिथिलेश सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा है।

खेल वतन पंजाब दियां-2026 में हरनूर सिंह ने कराटे मुकाबले में जीता रजत पदक

डेली आवाज भारती



खेल वतन पंजाब दियां-2026 में प्रबंधकों से रजत पदक प्राप्त करते हुए खिलाड़ी हरनूर सिंह।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): एस.ए.एस नगर (मोहाली) पंजाब सरकार के खेल विभाग द्वारा करवाए जा रहे 'खेल वतन पंजाब दीयां-2026' सीजन-4 के राज्य स्तरीय कराटे मुकाबलों में खिलाड़ी हरनूर सिंह ने दूसरा स्थान हासिल कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। लिटिल फ्लावर कांवेंट स्कूल गुरुहरसहाय का यह विद्यार्थी 10वीं कक्षा में पढ़ रहा है। मालूम हो कि मोहाली में हुए इन राज्य स्तरीय मुकाबलों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि का श्रेय उसने अपने माता-पिता, कोच को दिया और इस सफलता पर पारिवारिक सदस्यों, कोच और खेल प्रेमियों द्वारा खुशी का इज़हार किया गया। उन्होंने खिलाड़ी को बधाई देते हुए भविष्य में और मेहनत करके बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिक्रयोग है कि हरनूर सिंह की यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

गांव हाजी बेटू के पार्क के नींव पत्थर को नुकसान पहुंचाने का मामला

- पुलिस ने गांव वासी व्यक्ति के बयान पर अज्ञात व्यक्ति पर दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते गांव हाजी बेटू में बने खेल स्टेडीयम के पार्क के नींव पत्थर को तोडने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने के विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता गांव वासी के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई सुखचैन सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता गुरमीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह वासी गांव हाजी बेटू ने बताया कि गांव के खेल स्टेडीयम में एक पार्क का नींव पत्थर 27 सितंबर 2023 को रखा गया था और उक्त पार्क अभी तैयार हो चुका है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले वह पार्क में चक्कर लगाने के लिए गया था तो नींव पत्थर वहां मौजूद था और 18 अक्तूबर 2026 को दोपहर के समय जब वह और मक्खन राम सरपंच पार्क में चक्कर लगाने गए तो उन्होंने देखा कि नींव पत्थर गायब था और कुछ दूरी पर उसके टूकड़े पड़े हुए थे। मामले की जांच कर रहे सुखचैन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

समाज कल्याण के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं 20 अक्टूबर तक करवाएं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

- पंजाब एनजीओ डिजिटाइजेशन मिशन के तहत विद्यार्थियों को सामाजिक इंटर्नशिप और वॉलंटियरिंग से जोड़ने की पहल

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन काली : बरनाला, 19 अक्टूबर। पंजाब सरकार के सामाजिक सुरक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चलाए जा रहे पंजाब एनजीओ डिजिटाइजेशन मिशन के तहत विद्यार्थियों को सामाजिक इंटर्नशिप और वॉलंटियरिंग से जोड़ने के लिए बाल कल्याण, बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों की भलाई के लिए काम करने वाली इच्छुक गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) से 20 अक्टूबर, 2026 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बरनाला के डिप्टी कमिश्नर श्री हरप्रीत सिंह ने बताया कि पात्र संस्थाएं रजिस्ट्रेशन के लिए वेबसाइट www.cityneeds.info पर जा सकती हैं। इसके अलावा, संस्थाएं सीधे https:/ /tinyurl.com/ RegisterPNDM लिंक के माध्यम से भी अपना आवेदन जमा करवा सकती हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर मोबाइल नंबर 82890-66979 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को बढ़ावा देना तथा उन्हें समाज कल्याण के कार्यों से जोड़ना है।

रंजिशन स्वीफ्ट कार सवार युवकों को मारपीट कर जख्मी किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन स्वीफ्ट कार सवार दो युवकों को रंजिशन मारपीट करके जख्मी करने वाले 6 लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता युवक के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई झिर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता बुटा पुत्र पतरस वासी वार्ड नंबर 1 मिशन बस्ती मक्खू ने बताया कि वह कुछ दिन पहले अपने मामा के बेटे के साथ उसकी स्वीफ्ट कार में सवार होकर निजामदीन गांव से जा रहे थे तो रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर दोषी नसीब सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह, कुलबीर सिंह पुत्र बगा, बलविन्द्र सिंह पुत्र जगदीश, अर्जुन सिंह पुत्र सुबा सिंह, अकाश पुत्र सुबा सिंहव जशन पुत्र हरपाल सिंह वासी निजामदीन वाला ने उनके साथ मारपीट की और कार को भी तौड़-फौड़ दिया। मामले की जांच कर रहे झिर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज ढिलवां का सात दिवसीय एनएसएस कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

डेली आवाज भारती



तपा/गोपाल: तपा, 19 अक्टूबर। यूनिवर्सिटी कॉलेज ढिलवां में प्रिंसिपल डॉ. लखविंदर सिंह रखड़ा के दिशा-निर्देशों और एनएसएस विभाग के इंचार्ज प्रो. देव करण के नेतृत्व में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप आज कॉलेज में शानदार सांस्कृतिक समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समारोह में ढिलवां के सरपंच बिंदर सिंह खालसा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रो. देव करण ने समारोह में पहुंचे सभी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. बिक्रमजीत सिंह ने कैंप की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि गांव ढिलवां में आयोजित इस कैंप में 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर विशेष व्याख्यान और सेमिनार आयोजित किए गए। कैंप के पहले दिन ट्रैफिक इंचार्ज शेरबिंदर सिंह ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। दूसरे दिन रोजगार कार्यालय की मैडम सुमिंदर कौर ने विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसरों से अवगत करवाया। तीसरे दिन एससी फाइनेंस कॉर्पोरेशन के अधिकारी गगनदीप सिंह ने एससी वर्ग के लिए उपलब्ध ऋण सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप धौला ने पेड़-पौधों और पक्षियों के संरक्षण पर विशेष व्याख्यान दिया। वहीं, गेहल कॉलेज से डॉ. गुरप्रीत कौर ने भी विशेष रूप से शिरकत की। प्रो. बृजेश पाठक ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के लाभों के बारे में जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति स्तर पर दिए जाने वाले पुरस्कारों के संबंध में बताया। सरपंच जसविंदर सिंह ने कॉलेज प्रिंसिपल की इस पहल की सराहना की और युवा पीढ़ी को समाज सेवा तथा सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया।

ट्रैक्टर तले कुचले जाने से युवक की हुई मौत

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन ट्रेक्टर तले आकर मारे गए युवक के मामलें में कार्रवाई करते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता महल सिंह पुत्र दरबारा सिंह वासी गांव अलीपुर ने बताया कि उसका बेटे गुरकमल सिंह जीजीएस ऐग्रो गांव लोहके खुर्द मालिक दीपक कुमार वासी मल्लांवाला है के ट्रैक्टर पर ड्राईवरी करता है और आज उसे फर्म के मुंशी मनजिन्द्र सिंह का फोन आया कि आपका बेटा गुरकमल सिंह ट्रैक्टर के नीचे आकर जख्मी हो गया है और उसे उपचार के लिए हमनी सुखमनी अस्पताल जीरा लेकर गए थे और वहां से उसे मैडीकल कालेज फरीदकोट रैफर किया गया था, लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। मामले की जांच कर रहे गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पराली प्रबंधनः क्लस्टर, सहायक क्लस्टर और नोडल अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश



डेली आवाज भारती

बरनाला। धान की पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने और इसके उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए डिप्टी कमिश्नर बरनाला श्री हरप्रीत सिंह आईएएस के दिशा-निर्देशों के तहत एसडीएम तपा श्री आयुष गोयल ने जिला प्रशासनिक परिसर के बैठक हॉल में क्लस्टर अधिकारियों और सहायक क्लस्टर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए क्लस्टर, सहायक क्लस्टर और नोडल अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश दिए, ताकि पराली जलाने की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी किसानों के साथ नियमित बैठकें करें और उन्हें पराली प्रबंधन के उचित तरीकों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने पराली प्रबंधन के लिए तैनात सभी अधिकारियों को किसानों के बीच लकी ड्रॉ योजना के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

लुधियाना से रायपुर तक पहली बार रेल मार्ग से होजरी सामग्री की ढुलाई

- 24 टन होजरी सामग्री की ढुलाई से 1.67 लाख का मालभाड़ा राजस्व अर्जित

डेली आवाज भारती



लुधियाना से रायपुर तक पहली बार रेल मार्ग से होजरी सामग्री से लोड भेजी जा रही गाड़ी की तस्वीर।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में फिरोजपुर मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के विशेष प्रयासों से रेल मार्ग द्वारा होजरी सामग्री की ढुलाई को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 19 अक्तूबर 2026 को ट्रेन संख्या 18238 (छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस) के पार्सल वैन में लुधियाना से रायपुर के लिए पहली बार होजरी सामग्री की आउटवर्ड लोडिंग सफलतापूर्वक की गई। इस लोडिंग में होजरी आइटम के कुल 230 पैकेट लोड किए गए, जिनका कुल वजन 24 टन था। इस ढुलाई से रेलवे को 1.67 लाख का मालभाड़ा राजस्व प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, दिनांक 17 अक्टूबर 2026 को अमरनाथ एक्सप्रेस के पार्सल वैन में लुधियाना से गुवाहाटी के लिए दूसरी बार होजरी आइटम की आउटवर्ड लोडिंग सफलतापूर्वक की गई, जिससे 1.94 लाख का मालभाड़ा राजस्व अर्जित हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल की विश्वसनीय एवं समयबद्ध माल परिवहन व्यवस्था व्यापारियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान कर रही है। मंडल माल यातायात को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

हेरोइन का नशा करते हुए पुलिस ने 1 को गिरफ्तार किया, मामला दर्ज

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन एक व्यक्ति को हेरोइन का नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के ए.एस.आई महिन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का सेवन करते हुए हरदेव सिंह पुत्र बलवीर सिंह वासी बाबा जीवन सिंह नगर लक्खोके बहराम को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.50 ग्राम हेरोइन, 1 लाईटर, सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे महिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में हरदेव पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गांव सुहाली में 'खेलां खरड़ दियां' क्रिकेट लीग का आगाज, रणजीत सिंह जीती पडियाला ने किया शुभारंभ

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया : गांव सुहाली में 'खेलां खरड़ दियां' के बैनर तले क्रिकेट लीग की शुरुआत जिला कांग्रेस कमेटी मोहाली के पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह जीती पडियाला द्वारा करवाई गई। इस अवसर पर विभिन्न गांवों से पहुंची क्रिकेट टीमों के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिला। जीती पडियाला ने कहा कि गांव स्तर पर आयोजित होने वाले ऐसे खेल मुकाबले युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लीग के आयोजकों को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और मेहनत के साथ मुकाबलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। क्रकेट लीग के पहले दिन विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। पहले मुकाबले में महरौली की टीम ने बड़ौदी को हराकर जीत हासिल की। दूसरे मुकाबले में मानकपुर बल्ली की टीम ने मानकपुर जनता को पराजित किया। तीसरे मुकाबले में रानी माजरा गुरदीप की टीम ने मुंधो की टीम को हराकर जीत दर्ज की, जबकि चौथे मुकाबले में गोचर की टीम ने पड़छ की टीम को मात दी। इस तरह पहले दिन चार मुकाबलों में विजेता टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। रणजीत सिंह जीती पडियाला ने सभी विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों में जीत के साथ-साथ अनुशासन, मेहनत और आपसी भाईचारे की भावना बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांवों में आयोजित होने वाले ऐसे खेल मुकाबले युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक एकता और आपसी मेल-जोल को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं को खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सोनी सुहाली, पंडित सुहाली, तेजी सुहाली, सीमा सुहाली, सतिंदर सिंह सत्ती पूर्व सरपंच अंधेड़ी और बिंदी सुहाली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

page 4_Layout 1 19-10-2026 20:26 Page 1

धान की कटाई फसल पूरी तरह पकने के बाद ही की जाएः डिप्टी कमिश्नर

- किसान मंडियों में 17 प्रतिशत से अधिक नमी वाला धान न लाएः डिप्टी कमिश्नर
- कंबाइन ऑपरेटर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही करें धान की कटाई

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : डिप्टी कमिश्नर अमृतसर ने जिले के सभी किसानों से एक बार फिर अपील की है कि धान की कटाई फसल पूरी तरह पकने के बाद ही की जाए तथा खरीफ सीजन के दौरान मंडियों में केवल सूखा धान ही लाया जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचते समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा धान की खरीद के लिए नमी की अधिकतम सीमा 17 प्रतिशत निर्धारित की गई है। यदि धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक होती है, तो किसानों को मंडियों में अपनी फसल बेचने में कठिनाई हो सकती है। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे फसल के पूरी तरह पकने को सुनिश्चित करें और निर्धारित मानकों के अनुसार ही धान मंडियों में लेकर आएं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडियों में सूखा धान लेकर आएं, ताकि उनकी फसल की निर्बाध खरीद हो सके और उन्हें अपनी उपज का निर्धारित पूरा मूल्य मिल सके। डिप्टी कमिश्नर ने मुख्य कृषि अधिकारी और जिला मंडी अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के गांवों में विशेष जागरूकता शिविर लगाए जाएं। इन शिविरों के माध्यम से किसानों को धान की फसल की उचित परिपक्वता, नमी की निर्धारित सीमा तथा मंडियों में सूखा धान लाने के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। इसके साथ ही डिप्टी कमिश्नर ने कंबाइन ऑपरेटरों को निर्देश दिए कि धान के सीजन के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही धान की कटाई की जाए तथा निर्धारित समय-सारणी का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

नशा और हथियार तस्करी नेटवर्क से जुड़े तीन व्यक्ति गिरफ्तार; 10 पिस्तौल, 1 किलो हेरोइन बरामद

विदेशी तस्करों के इशारे पर काम कर रहे थे गिरफ्तार किए गए दोषी : डीजीपी गौरव यादव

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/अमृतसर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रहे अभियान के दौरान अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी सफलता दर्ज करते हुए नशा तस्करी और अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क के तीन कार्यकर्ताओं को 10 पिस्तौलों और 1.022 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार करके इस गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डी.जी.पी.) गौरव यादव ने आज यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान गौतम उर्फ अजय (28) - जो पेशे से बाउंसर है और गांव सैंहसरा खुर्द का रहने वाला है, रवि शेर सिंह (22) - जो गांव गुरु का बाग का रहने वाला है और राजबीर सिंह उर्फ राजा (24) - जो गांव बासरके भैणी का रहने वाला है और वर्तमान में पाल एवेन्यू (अमृतसर देहाती) में रह रहा है, के रूप में हुई है। बरामद किए गए हथियारों में तीन 9 एम.एम. ग्लॉक पिस्तौल और सात .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं। पुलिस टीमों ने तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है।

डी.जी.पी. गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी विदेशी तस्करों के संपर्क में थे, जो आरोपियों को अवैध हथियार मुहैया करवाते थे ताकि ये (हथियार) आगे सप्लाई किए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यकर्ताओं की पहचान करने और आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए और जांच की जा रही है। ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए अमृतसर के पुलिस कमिश्नर (सी.पी.) हरमनबीर सिंह गिल ने बताया कि पुलिस टीमों ने खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना कैंट क्षेत्र से गौतम उर्फ अजय और रवि शेर सिंह को दो ग्लॉक पिस्तौलों और एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि कड़ी पूछताछ करने पर आरोपी गौतम के खुलासे पर पुलिस ने सात और पिस्तौल बरामद किए। उन्होंने बताया कि आगे की तफ्तीश के दौरान पुलिस टीमों ने उनके तीसरे साथी, जिसकी पहचान राजबीर सिंह उर्फ राजा के रूप में हुई है, को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक और .30 बोर पिस्तौल और 1.022 किलो हेरोइन बरामद की गई, जिसके साथ अब तक कुल दस पिस्तौलों की बरामदगी की गई है। सी.पी. ने बताया कि गौतम और राजबीर दोनों का ही आपराधिक पृष्ठभूमि है। गौतम के खिलाफ पहले ही %आर्म्स एक्ट% और %एन.डी.पी.एस. एक्ट% के तहत दो मामले दर्ज हैं, जबकि राजबीर के खिलाफ %एन.डी.पी.एस. एक्ट% के तहत पांच मामले चल रहे हैं। इस संबंध में एफ.आई.आर. नंबर 193, दिनांक 13.10.2026 को %आर्म्स एक्ट% की धाराओं 25(6), 25(7) और 25(8) तथा %एन.डी.पी.एस. एक्ट% की धाराओं 21(सी) और 29 के तहत अमृतसर के थाना कैंट में केस दर्ज किया गया है।

'हर सोमवार, डेंगू पर वार' – स्वास्थ्य विभाग बरनाला ने डेंगू की रोकथाम के लिए तेज किया जागरूकता अभियान

डेली आवाज भारती



बरनाला। स्वास्थ्य विभाग पंजाब के निदेशक के दिशा-निर्देशों के तहत सिविल सर्जन बरनाला डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू के नेतृत्व में जिले के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में विशेष बचाव एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य टीमों ने विभिन्न इलाकों का दौरा किया और घर-घर जाकर मच्छरों के पनपने वाले स्थानों की बारीकी से जांच की। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करना और इस बीमारी के प्रसार को रोकना है। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. मुनीस कुमार और डॉ. साक्षी सोनी ने डेंगू के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, मांसपेशियों और आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते पड़ना, नाक या मसूड़ों से खून आना जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेकर उपचार करवाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से अपील की कि सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच और इलाज बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर गुरमेल सिंह ढिल्लों, गुरप्रीत सिंह सहिणा और सुरिंदर सिंह ने बताया कि डेंगू 'एडीज एजिप्टी' नामक मच्छर के काटने से फैलता है। इससे बचाव के लिए मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि घरों, दुकानों और वर्कशॉप के बाहर या छतों पर पड़े कबाड़, पुराने टायर, गमले, घड़े, कूलर और फ्रिज की पिछली ट्रे आदि को साफ रखना चाहिए। सप्ताह में दो दिन, सोमवार और शुक्रवार को 'ड्राई डे' के रूप में मनाना चाहिए। पानी जमा होने वाले बर्तनों और अन्य स्थानों को खाली करके अच्छी तरह रगड़कर साफ किया जाए और धूप में सुखाया जाए, ताकि मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। इस अभियान के तहत बरनाला शहर में इंसैक्ट कलेक्टर जसविंदर सिंह, गणेश दत्त, जगजीत सिंह और गुलाब सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घर-घर जाकर डेंगू से बचाव संबंधी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया और लोगों को जागरूक किया।

पराली जलाने से रोकने के लिए किसानों को गांव-गांव जाकर जागरूक किया जाएः डिप्टी कमिश्नर

अमृतसर, (के.एस. बेदी) डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने आज जिला प्रशासनिक परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर धान की पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को लगातार जागरूक करने के निर्देश दिए। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिले के अधिकांश क्षेत्रों में धान की कटाई हो चुकी है। उन्होंने कृषि विभाग और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दें तथा इसके उचित प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने सभी एस.डी.एम. को भी निर्देश दिए कि वे गांवों का दौरा कर किसानों से सीधे बातचीत करें और पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की निगरानी सुनिश्चित करें। डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने किसानों से अपील की कि वे व्यापक जनहित और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए धान की पराली को बिल्कुल भी आग न लगाएं।

डिप्टी कमिश्नर की किसानों से अपील, मंडियों में सूखा धान लेकर आएं

- जिले की मंडियों में अब तक 14,961 मीट्रिक टन धान की आमद, 13,241 मीट्रिक टन की हुई खरीद

डेली आवाज भारती



बरनाला/गोपालः किसानों की फसल की निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने और उन्हें मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने के उद्देश्य से डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपनी धान की फसल अच्छी तरह सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं। उन्होंने कहा कि मौजूदा खरीफ सीजन के दौरान जिला बरनाला की मंडियों में धान की आमद लगातार जारी है। फसल में नमी की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुसार होने से खरीद प्रक्रिया को सुचारू ढंग से पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित मानकों का पालन करते हुए अपनी फसल मंडियों में लाएं, ताकि धान बेचते समय उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि बीती शाम तक जिले की विभिन्न मंडियों में कुल 14,961 मीट्रिक टन धान की आमद हुई, जिसमें से अब तक 13,241 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। किसानों को फसल की खरीद के बदले अब तक 26 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा धान की खरीद के तहत पनग्रेन ने 5,709 मीट्रिक टन, मार्कफेड ने 2,727 मीट्रिक टन, पनसप ने 3,131 मीट्रिक टन, पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन ने 1,644 मीट्रिक टन और व्यापारियों ने 30 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। उन्होंने आगे बताया कि मंडियों से खरीदी गई फसल का उठान भी लगातार किया जा रहा है। अब तक पनग्रेन द्वारा 2,296 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 1,198 मीट्रिक टन, पनसप द्वारा 1,586 मीट्रिक टन, पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा 568 मीट्रिक टन और व्यापारियों द्वारा 30 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित नमी मानकों के अनुसार सूखा धान मंडियों में लाएं, ताकि खरीद और भुगतान की प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी की जा सके।

'मेरा घर-मेरा मान' योजना के तहत कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने गांव कोट हयात और सूरो पड्डा में 197 संपत्ति मालिकों को वितरित किए मालिकाना हक कार्ड

डेली आवाज भारती

मालिकाना हक कार्ड संपत्ति के अधिकारों की पहचान और दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध करवाने में होंगे सहायकः हरभजन सिंह ई.टी.ओ.




अमृतसर, के.एस. बेदी : 'मेरा घर-मेरा मान' योजना के तहत लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव कोट हयात और सूरो पड्डा में लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों के मालिकों को 197 मालिकाना हक कार्ड वितरित किए। इनमें गांव कोट हयात के 77 और गांव सूरो पड्डा के 120 लाभार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों के मालिकों को स्वामित्व संबंधी दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध करवाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि पहले संपत्तियों के मालिकाना दस्तावेजों की कमी के कारण लोगों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मालिकाना हक कार्ड संपत्ति के अधिकारों को स्पष्ट करने और स्वामित्व संबंधी रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि मालिकाना हक कार्ड में संपत्ति की सही पहचान और उससे संबंधित विवरण दर्ज किए गए हैं। इनमें देशांतर एवं अक्षांश, छत से ढका क्षेत्रफल, निर्माणाधीन क्षेत्रफल, खुला क्षेत्रफल तथा सर्वेक्षण इकाई का नक्शा आदि शामिल हैं। इन विवरणों से संपत्ति की स्थिति और क्षेत्रफल संबंधी जानकारी को स्पष्ट रूप से दर्ज करने में सहायता मिलेगी। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि संपत्ति के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजी स्पष्टता के अभाव में कई बार परिवारों को मालिकाना हक को लेकर विवादों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक कार्ड संपत्ति के अधिकारों के संबंध में दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध करवाने के साथ-साथ ऐसे विवादों को कम करने में भी सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर मालिकाना हक कार्ड प्राप्त करने वाले गांव कोट हयात और सूरो पड्डा के निवासियों ने संपत्ति के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध करवाने के लिए पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर तहसीलदार लखविंदर सिंह, सरपंच चरणजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, ब्लॉक प्रधान भूपिंदर सिंह, जरमजीत सिंह, गुरजिंदर सिंह, बलराज सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

चर्चित सड़क पर फिर हुआ बड़ा हादसाः

पत्थर पर फिसलने से युवक गंभीर रूप से घायल

डेली आवाज भारती





न्यू चंडीगढ़, (हरतेज सिंह तेजी): गांव बजीदपुर की बहुचर्चित और खस्ताहाल सड़क पर सोमवार को फिर एक बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर बिखरे पत्थरों (गटके) पर फिसलने के कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क की मरम्मत का काम काफी समय से लंबित था, जिसके चलते हाल ही में इसके बनने की उम्मीद जगी थी और लोगों ने खुशी जताई थी। लेकिन सड़क पर गटका डाले हुए 4 महीने बीत जाने के बाद भी आज तक प्रीमिक्स (कोलतार) नहीं डाली गई है, जिसके कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। बता दें कि इस बदहाल सड़क से परेशान होकर मोहतबर और स्थानीय निवासियों ने हाल ही में रोष जताया था। उन्होंने गांव के बाहर सड़क पर एक अनोखा बोर्ड लगाया था, जिस पर लिखा था– 'इस सड़क पर मेडिकल किट और टायर पंचर का सामान लेकर सफर करें जी'। हैरानी की बात यह है कि जिस घर के बाहर यह बोर्ड लगाया गया था, आज उसी परिवार का नौजवान बेटा सड़क पर बिखरे गटके के कारण बुरी तरह घायल हो गया।

प्रशासन को दी 10 दिन की चेतावनी

इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है। गांव के निवासी रविंदर सिंह बजीदपुर, बलजिंदर सिंह मावी और भाई हरजीत सिंह हरमन ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर इस सड़क पर प्रीमिक्स नहीं डाली गई, तो मजबूरन ग्रामीण ट्रैक्टरों की मदद से इस बिखरे हुए गटके को इकट्ठा कर सड़क पर ढेरिया लगा देंगे।

'साडे बुजुर्ग, साडा मान' के तहत सरूप रानी सरकारी कॉलेज में जिला स्तरीय समारोह आयोजित

अमृतसर, (के.एस. बेदी) पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सरूप रानी सरकारी कॉलेज, अमृतसर में 'साडे बुजुर्ग, साडा मान' के अंतर्गत जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। समारोह में लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका सम्मान करना और उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनके अनुभव और जीवन से मिली सीख समाज के लिए अनमोल हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार की वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 1,500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है। जिला अमृतसर में लगभग 2 लाख 18 हजार बुजुर्ग इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

पुरानी पेंशन बहाली और डीए की किस्तें जारी करवाने के लिए कर्मचारी लामबंद

बैठक में 21 और 22 अक्टूबर को जिला स्तर पर होने वाले प्रदर्शनों की तैयारियों पर की चर्चा

डेली आवाज भारती



रूपनगर/गुरप्रीतः पंजाब मुलाजिम एवं पेंशनर सांझा फ्रंट तथा सांझा मंच तालमेल कमेटी, पंजाब के आह्वान पर रूपनगर जिले के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और पेंशनरों ने 19 अक्टूबर 2026 को बैठक कर अपनी मांगों को लेकर संघर्ष की रणनीति तैयार की। बैठक में 21 और 22 अक्टूबर को जिला स्तर पर होने वाले प्रदर्शनों की तैयारियों पर चर्चा की गई। कर्मचारी संगठनों ने घोषणा की कि 21 और 22 अक्टूबर को विभिन्न विभागों के दफ्तरों में कार्यरत कर्मचारी सामूहिक छुट्टी लेकर डिप्टी कमिश्नर कार्यालय, रूपनगर के सामने जिला स्तरीय रैली करेंगे। इस दौरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी मांगों को पूरा करने की आवाज बुलंद की जाएगी। कर्मचारी और पेंशनर संगठनों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, महंगाई भत्ते (डीए) की लंबित किस्तें जारी करना, प्रोबेशन अवधि के दौरान पूरा वेतन देना और 15 जनवरी 2015 तथा 17 जुलाई 2020 को जारी पत्रों को रद्द करना शामिल है। इसके अलावा, पेंशनरों के लिए 2.59 का गुणांक लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने तथा अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की मांग भी उठाई गई। संगठनों के अनुसार, जिला स्तरीय रैली में विभिन्न विभागों और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनमें क्लेरिकल स्टाफ, शिक्षक, तकनीकी कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर (जेई), रोडवेज कर्मचारी, चालक, सेवादार, सफाई कर्मचारी, बेलदार, बिजली विभाग के कर्मचारी, मिड-डे मील वर्कर, आंगनवाड़ी कर्मचारी, डॉक्टर एसोसिएशन, आम आदमी क्लीनिक के कर्मचारी तथा अनुबंध और आउटसोर्स कर्मचारी शामिल होंगे।

बैठक में कई पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक में सांझा तालमेल कमेटी, जिला रूपनगर के कन्वीनर अमरजीत सिंह ग्रेवाल और सुखदेव सिंह सुरतापुरी सहित राधेश्याम, हरजीत सिंह सैनी, अवतार सिंह धनोआ, रणजीत सिंह गिल, संदीप सिंह, कर्मवीर सिंह, परमिंदर सिंह, वरिंदर सिंह, संदीप भट्ट, हरप्रीत सिंह, रवि कुमार, जतिंदर सिंह, अमनदीप सिंह, हरजिंदर सिंह रोडवेज और सुरिंदर सिंह खेड़ी पटवारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारी संगठनों ने कहा कि आगामी रैलियों के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाई जाएंगी और मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने की रणनीति पर आगे विचार किया जाएगा।

70वीं अंतर-जिला एथलेटिक्स मीट में बरनाला की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

- अंडर-14 लड़कियों ने जीती चैंपियनशिप ट्रॉफी, सिमरनजीत कौर ने 400 मीटर में गोल्ड और 600 मीटर में सिल्वर मेडल जीता

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन काली : लुधियाना के गुरु नानक स्टेडियम में संपन्न हुई 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला एथलेटिक्स मीट में बरनाला की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते और जिले का नाम रोशन किया। अंडर-14 आयु वर्ग की लड़कियों ने चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर जिले को बड़ी उपलब्धि दिलाई। डीएम स्पोर्ट्स बरनाला सिमरदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि बरनाला की लड़कियों ने अंडर-14 वर्ग में चैंपियनशिप हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कन्या), भदौड़ की सिमरनजीत कौर ने 400 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल और 600 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल हासिल किया। इसी तरह गोबिंद इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, भदौड़ की तनराज कौर ने 80 मीटर हर्डल्स दौड़ में सिल्वर मेडल जीता। इसके अलावा, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीदी की रमणदीप कौर और निमरत कौर तथा पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कन्या), भदौड़ की सिमरनजीत कौर और प्रियंका कौर की टीम ने 4म100 मीटर रिले दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया।

अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में भी बरनाला की खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कन्या), भदौड़ की भूपिंदर कौर ने 400 मीटर हर्डल्स दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं, 4म400 मीटर रिले दौड़ में पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कन्या), भदौड़ की भूपिंदर कौर और बीरबल कौर तथा संत बाबा लौंगपुरी स्कूल, पखो कलां की खुशप्रीत कौर और हरबिंदर कौर की संयुक्त टीम ने सिल्वर मेडल हासिल किया। जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी शिक्षा) सुनीतइंदर सिंह गिल ने विजेता खिलाड़ियों और टीम इंचार्जों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने डीपीई अवतार सिंह, डीपीई अमनदीप कौर, डीपीई संसार सिंह, डीपीई लखवीर सिंह, डीपीई अर्शदीप कौर, एथलेटिक्स कोच गुरसेवक सिंह, डीपीई सुमनप्रीत कौर और एथलेटिक्स कोच सुखदेव सिंह केवल धौला के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन करते हुए बरनाला जिले और अपने माता-पिता का नाम रोशन करती रहेंगी।

page 5_Layout 1 19-10-2026 20:44 Page 1

अलीशेर सड़क हादसा: डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर और एसएसपी डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

दुखी परिवारों के प्रति जताई संवेदना, पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुसार मुआवजा देने की प्रक्रिया जारी

डेली आवाज भारती



संगरूर/मोहिंदर सिंह। लहरागागा, 19 अक्टूबर- लहरागागा-जाखल रोड पर गांव अलीशेर के पास हुए दुखद सड़क हादसे के पीड़ित परिवारों से डिप्टी कमिश्नर श्रीमती पूनमदीप कौर और स्स्क डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और दुख की इस घड़ी में हर संभव मदद का भरोसा दिया। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती पूनमदीप कौर ने बताया कि पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने के लिए केस तैयार करके आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से पीड़ित परिवारों को हर जरूरी सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। डिप्टी कमिश्नर ने हादसे में हुए जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से हादसे के संबंध में जरूरी कार्रवाई और पीड़ितों की सहायता को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। घायलों को जरूरी चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने के साथ-साथ पीड़ित परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए भी पंजाब सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले परिवारों का दुख असहनीय है और इस नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती। हालांकि, जिला प्रशासन और पंजाब सरकार इस मुश्किल समय में इन परिवारों के साथ खड़े हैं। इस मौके पर स्स्क डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने भी पीड़ित परिवारों के साथ दुख साझा करते हुए कहा कि पंजाब सरकार और जिला पुलिस उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हादसे से जुड़े तथ्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस आपसी तालमेल के साथ पीड़ितों तथा उनके परिवारों की मदद के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि दुख की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

हॉकी के रंग में रंगा संगरूर; वार हीरोज स्टेडियम में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का भव्य स्वागत

विधायक नरिंदर कौर भराज ने किया ट्रॉफी का स्वागत; युवाओं को हॉकी से जुड़कर खेल मैदानों की रौनक बढ़ाने का दिया संदेश



डेली आवाज भारती

संगरूर/मोहिंदर सिंह। युवा पीढ़ी में हॉकी के प्रति रुचि बढ़ाने और खेल संस्कृति को और मजबूत करने का संदेश लेकर हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 की ट्रॉफी वैन आज बरनाला से होते हुए वार हीरोज स्टेडियम, संगरूर पहुंची। इस मौके पर हलका विधायक नरिंदर कौर भराज ने जिला खेल अधिकारी नवदीप सिंह और खेल विभाग के प्रतिनिधियों के साथ ट्रॉफी का भव्य स्वागत किया। विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि पंजाब की खेल विरासत में हॉकी का विशेष स्थान है। पंजाब के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और शानदार प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करना पंजाब के लिए गर्व की बात है और ट्रॉफी टूर युवाओं को हॉकी की समृद्ध विरासत से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी को करीब से देखना उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। ऐसी पहल बच्चों और युवाओं में बड़े खेल मंचों तक पहुंचने की इच्छा पैदा करती हैं और उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए अधिक मेहनत करने का हौसला देती हैं। नरिंदर कौर भराज ने युवाओं से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक तंदुरुस्ती के साथ अनुशासन, टीम भावना, आपसी सहयोग और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करते हैं। युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें नशे से दूर रखने में खेल के मैदान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों की खेल प्रतिभा को पहचानें, उनका साथ दें और उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि ट्रॉफी टूर का मुख्य उद्देश्य हॉकी के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाना और नई पीढ़ी को इस खेल से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि संगरूर में ट्रॉफी का पहुंचना स्थानीय खिलाड़ियों के लिए उत्साह बढ़ाने वाला अवसर है। इससे उन्हें नियमित अभ्यास और समर्पण के साथ अपने खेल को और बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलेगी। नवदीप सिंह ने युवाओं से खेल विभाग के कोचों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने की अपील करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से वे जिला, राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना साकार कर सकते हैं। इस मौके पर हॉकी का एक शो मैच भी करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

पीर बाबा रोड पर दिन-दहाड़े महिला के कान की बाली झपटी, एक हफ्ते में तीसरी वारदात

स्विगी डिलीवरी बॉक्स लगी मोटरसाइकिल की आड़ में वारदात को दिया गया अंजाम

डेली आवाज भारती

जीराकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : क्षेत्र के बलटाना में झपटमारों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। हालात यह बन चुके हैं कि मोटरसाइकिल सवार अकेला आरोपी सरेआम राह जाती महिला के कान से सोने की बाली झपटकर आसानी से फरार हो जाता है। सोमवार शाम करीब 4 बजे पीर बाबा रोड पर गिल कॉलोनी के गेट के पास अपने बच्चे को ट्यूशन छोड़ने जा रही एक महिला को इस वारदात का निशाना बनाया गया। सामने आई सीसीटीवी फुटेज में आरोपी के मोटरसाइकिल के पीछे %स्विगी% का डिलीवरी बॉक्स लगा साफ दिखाई दे रहा है। हैरानी की बात यह है कि पिछले करीब एक हफ्ते के अंदर-अंदर इलाके में झपटमारी की यह तीसरी घटना सामने आई है, जिसने स्थानीय इलाके की सुरक्षा व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। सीसीटीवी कैमरे में डिलीवरी बॉक्स लगा देखने के बाद कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। क्या कोई अपराधी ऐसे बॉक्स की आड़ में अपनी असली पहचान छिपाकर इन वारदातों को अंजाम दे रहा है? इस घटना ने संबंधित डिलीवरी कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा दिया है कि क्या कंपनियों के पास अपने डिलीवरी



पार्टनर्स की पहचान और दस्तावेजों की पुख्ता तस्दीक करने की प्रणाली मौजूद है या नहीं। पुलिस प्रशासन को भी अब इस पक्ष से गहराई से जांच करनी होगी कि इस वारदात में इस्तेमाल किया गया मोटरसाइकिल और बॉक्स असल में किससे संबंधित है। हालांकि, फुटेज में बॉक्स नजर आने मात्र से यह साबित नहीं होता कि आरोपी स्विगी का असली कर्मचारी है, लेकिन यह जांच का अहम विषय जरूर है। इस वारदात को अंजाम देने का तरीका भी काफी चिंताजनक है। आरोपी पीछे से अचानक आता है, महिला के कान से बाली खींचता है और पलक झपकते ही मौके से फरार हो जाता है। पीड़ित महिला ने उसे पकड़ने के लिए कुछ दूर तक उसका पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि यदि एक अकेला आरोपी इस तरह बेखौफ होकर आसानी से वारदात को अंजाम देकर निकल जाता है, तो इलाके में पुलिस की गश्त और संदिग्ध वाहनों की निगरानी कितनी असरदार है? लगातार तीन दिनों में सामने आई तीसरी वारदात की सूचना के बाद स्थानीय निवासियों में भारी सहम और रोह का माहौल है।

> यह आरोपी पहले भी कई ऐसी वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी की पहचान करने और उसे जल्द काबू करने के लिए पुलिस टीमों को आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगाया गया है। जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> **– मलकीत सिंह, चौकी इंचार्ज, बलटाना**

ढकौली में पहली बार डांडिया उत्सव का आयोजन

सोसाइटी की महिलाओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरणप्रीत गिल: जीरकपुर से सटे ढकौली में प्राइड एंड पावर वूमैन क्लब की तरफ से पहली बार डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ढकौली के विभिन्न सोसासयटियों की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को एक मंच पर एकत्रित करना, आपसी मेलजोल बढ़ाना और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक एन के शर्मा की पत्नी श्रीमती बबिता शर्मा ने किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और महिलाओं को डांडिया उत्सव के महत्व एवं इसकी सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डांडिया से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं और अपने उत्साहपूर्ण अंदाज़ से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने महिलाओं के साथ डांडिया नृत्य में भी भाग लिया, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। प्राइड एंड पॉवर वूमैन क्लब की संचालिका ज्योति दीप (गिन्नी) और सहयोगी अंजना के प्रयासों आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ डांडिया नृत्य किया और एक-दूसरे के साथ आनंदमय पल साझा किए। इस आयोजन ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने, नए संबंध बनाने और सामुदायिक एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

जीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों में कल धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा, पांच स्थानों पर होगा रावण दहन

पंजाबी गायकों की प्रस्तुतियां बनेंगी मुख्य आकर्षण, प्रशासनिक और प्रबंधकीय तैयारियां पूरी

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरणप्रीत गिल। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पावन पर्व विजयदशमी मंगलवार को जीरकपुर शहर और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में पूरी श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस बार क्षेत्रीय स्तर पर कुल पांच प्रमुख स्थानों पर रावण दहन के भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय उत्सव समितियों द्वारा की गई तैयारियों के अनुसार, अलग-अलग जगहों पर 30 फुट से लेकर 60 फुट तक ऊंचे रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा। इस बार के दशहरा उत्सव में पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ प्रसिद्ध पंजाबी गायकों की लाइव प्रस्तुतियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जिन्हें देखने और सुनने के लिए भारी संख्या में भीड़ जुटने की उम्मीद है। स्थानीय बलटाना की कलगीधर मार्केट की पार्किंग में हर साल की तरह इस बार भी विशाल दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के बीच करीब 30 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस आयोजन की रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए भाजपा नेता हरजीत सिंह मिंटा ने बताया कि समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम में मशहूर पंजाबी गायक सुरजीत खान अपनी बेहतरीन गायकी से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसी तरह, भबात गांव के मुख्य दशहरा ग्राउंड में रामलीला कमेटी की ओर से भव्य आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के सदस्य बलविंदर सिंह विक्की ने बताया कि मैदान में करीब 45 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

लोहगढ़ और छत गांव में भी होंगे बड़े आयोजन

लोहगढ़ गांव में इस बार भी खास उत्साह देखने को मिल रहा है, जहां करीब 200 मीटर के दायरे में दो अलग-अलग स्थानों पर भव्य दशहरा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोहगढ़ रोड के एंट्री प्वाइंट पर होने वाले मुख्य कार्यक्रम में नामी पंजाबी गायक कुलविंदर बिल्ला अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं, दूसरी ओर लोहगढ़ दशहरा ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के आयोजक प्रताप विर्क ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी उत्सव को ऐतिहासिक और सफल बनाने की पूरी तैयारी कर ली गई है, जहां प्रसिद्ध पंजाबी गायक रम्मी रंधावा अपनी गायकी से लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा, ऐतिहासिक गांव छत के मैदान में भी बड़े स्तर पर दशहरा उत्सव मनाया जाएगा, जहां क्षेत्र का सबसे ऊंचा लगभग 60 फुट का रावण का पुतला जलाया जाएगा। इन सभी पांचों स्थानों पर होने वाले आयोजनों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी उत्साह है और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

पंजाब के संगरूर में भीषण हादसा, तेज रफ्तार कार ने 8 को रौंदा, प्रशासन ने घायलों की मदद का दिया भरोसा

- इस हादसे के बाद प्रभावित परिवारों में शोक का माहौल

डेली आवाज भारती





संगरूर। पंजाब के संगरूर में लहरागागा-जाखल रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे बैठे मनरेगा मजदूरों को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। मृतकों में 7 महिलाएं शामिल हैं। संगरूर की डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर ने हादसे की पुष्टि की है। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटियाला के राजिंदरा अस्पताल रेफर किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। हादसे के बाद प्रभावित परिवारों में शोक का माहौल है। शुरुआती खबरों में चालक के घटनास्थल से फरार होने की बात कही गई थी। पुलिस जांच के साथ-साथ घायलों के इलाज और पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने पर प्रशासन का ध्यान है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा रविवार, 18 अक्टूबर को अलीशेर गांव के पास हुआ। उस समय करीब 23 मजदूर सड़क किनारे काम कर रहे थे। रिपोर्टों के अनुसार, मजदूर काम के दौरान पानी पीने और आराम करने के लिए सड़क किनारे बैठे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार शेवरले कार बेकाबू होकर मजदूरों की ओर बढ़ी और उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान करमजीत कौर, देस राज सिंह, जीवन सिंह, रंजीत कौर, बंतो कौर, सरबजीत कौर, रानी कौर और निक्की कौर के रूप में बताई गई है। इनमें से कई लोग अलीशेर गांव के रहने वाले थे। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, हादसे में शामिल कार सफेद रंग की शेवरले मैग्नम बताई गई है।

सख्त कार्रवाई और मुआवजे की मांग

पंजाब कांग्रेस के नेता अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट साझा की। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता देने, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की। हादसे के बाद सड़क पर काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा और आपातकालीन सहायता की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठे हैं।

केजरीवाल बताएं, पंजाब में लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू करवाए जाने के समय वह किसका 'दामाद' था? : प्रो. सरचंद सिंह ख्याला

47 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे गैंगस्टर गुरप्रीत सेखों को 'आप' में शामिल कर हलका प्रभारी बनाने पर भी दें जवाब; परविंदर झोटा के पिता के भरोसे पर खरी उतरेगी भाजपा

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी. पंजाब भाजपा के प्रवक्ता एवं सिख चिंतक प्रो. सरचंद सिंह ख्याला ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा लॉरेंस बिश्नोई को भाजपा का 'दामाद' कहे जाने पर पलटवार करते हुए पूछा कि सितंबर 2022 में जब पंजाब पुलिस की हिरासत के दौरान बिश्नोई का इंटरव्यू रिकॉर्ड किया गया था, तब वह किसका 'दामाद' था? उन्होंने कहा कि केजरीवाल राजनीतिक हताशा और बौखलाहट में भाषा की मर्यादा भूल रहे हैं। उनके जैसे वरिष्ठ नेता को सार्वजनिक जीवन में राजनीतिक शिष्टाचार और भाषा की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। प्रो. ख्याला ने कहा कि बिश्नोई के इंटरव्यू मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में पेश विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में खरड़ स्थित सीआईए स्टाफ में हिरासत के दौरान इंटरव्यू के लिए स्टूडियो जैसा माहौल तैयार करने तथा वाई-फाई और मोबाइल फोन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होने संबंधी तथ्य सामने आए थे। हाईकोर्ट ने भी ऐसे इंटरव्यू के जरिए अपराधियों का महिमामंडन किए जाने पर चिंता जताई थी। उन्होंने सवाल किया कि यदि बिश्नोई भाजपा का 'दामाद' है, जैसा कि केजरीवाल आरोप लगा रहे हैं, तो पंजाब पुलिस की हिरासत में उसे कथित तौर पर मिली सुविधाओं के लिए कौन जिम्मेदार था? पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पास ही गृह विभाग है। केजरीवाल को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपनी सरकार की जवाबदेही तय करनी चाहिए। प्रो. ख्याला ने यह भी पूछा कि कथित तौर पर 47 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे गैंगस्टर गुरप्रीत सेखों को आम आदमी पार्टी में शामिल कर हलका प्रभारी बनाने के पीछे क्या तर्क था? उन्होंने कहा कि जेल ब्रेक के जरिए एक आतंकवादी के फरार होने में सेखों की कथित भूमिका को लेकर उठे सवालों पर भी स्पष्ट जवाब दिया जाना चाहिए।

अमृतसर में भारतीय किसान यूनियन एकता संघर्ष ने इलाके की एमएलए डॉ. जीवन जोत कौर के घर का घेराव करके ज़ोरदार विरोध



डेली आवाज भारती

अमृतसर। में भारतीय किसान यूनियन एकता संघर्ष ने इलाके की स्स्क डॉ. जीवन जोत कौर के घर का घेराव करके ज़ोरदार विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने परविंदर सिंह झोटे की हत्या की कड़ी निंदा की और इस घटना में शामिल सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने और सख्त से सख्त सज़ा देने की मांग की। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में ढिलाई बरत रहे हैं और पीड़ित परिवार को न्याय मिलने में देरी कर रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर सभी आरोपियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यह संघर्ष और तेज़ किया जाएगा।

ओएसडी घुम्मन सीबीआई के सामने दोबारा जांच के लिए पेश हुए, कथित भ्रष्टाचार मामले में हो रही है पूछताछ

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के OSD राजबीर घुम्मन कथित भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ के लिए चंडीगढ़ स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) के कार्यालय पहुंचे। जानकारी मुताबिक राजबीर घुम्मन करीब सवा 2 बजे चंडीगढ़ में CBI के ऑफिस में पहुंचे, जहां अधिकारियों की तरफ से उनसे पूछताछ की जा रही है। इससे पहले शुक्रवार को भी वह जांच एजेंसी के सामने पेश हुए थे। उस दिन उनसे करीब 6 घंटे तक सवाल-जवाब किए गए थे। अब CBI उनसे दूसरी बार पूछताछ कर रही है। पिछली पूछताछ के बाद राजबीर घुम्मन ने बताया था कि जांच एजेंसी ने उनसे करीब 40 सवाल पूछे थे और उन्होंने सभी के जवाब दिए। उन्होंने पूछताछ के माहौल को अच्छा बताते हुए कहा था कि CBI का जांच करने का अपना तरीका है। इसी वजह से उनके वकीलों को पूछताछ के दौरान अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। घुम्मन ने अपने साथियों को भी घबराने की जरूरत नहीं होने की बात कही थी। उन्होंने भरोसा जताया था कि उन्हें जल्द क्लीन चिट मिल जाएगी। हालांकि, मामले में जांच अभी जारी है और CBI की ओर से पूछे जा रहे सवालों को लेकर आगे की कार्रवाई जांच के नतीजों पर निर्भर करेगी। श्वष्ठ ने 13 अक्टूबर को जालंधर में केस दर्ज किया था। इस तरह कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच दो केंद्रीय एजेंसियां कर रही हैं। जानें क्या है पूरा मामला? - श्वष्ठ ने जुलाई और अगस्त 2026 में पंजाब के ष्ठतक्क गौरव यादव को तीन चिट्ठियां भेजी थीं। इनमें स्रढ्ढक दर्ज करने की मांग की गई थी। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि ट्रांसफर-पोस्टिंग, सरकारी टेंडर, नीतिगत फैसलों, जमीन और अन्य सरकारी मंजूरियों में कथित तौर पर दखल दिया गया।

नितिन गोहल से जुड़े मामले में 20.98 लाख नकद भी बरामद

ED के मुताबिक, नितिन गोहल की भूमिका सरकारी काम करवाने के इच्छुक लोगों और मुख्यमंत्री के स्रष्ठ राजबीर घुम्मन के बीच कथित बिचौलिये के तौर पर सामने आई। एजेंसी के दावे के मुताबिक, नितिन गोहल से जुड़े मामले में 20.98 लाख रुपये नकद भी बरामद हुए। जांच में GMADA की जमीन, ष्टरु यानी जमीन के इस्तेमाल में बदलाव, प्रॉपर्टी सौदों और रियल एस्टेट से जुड़ी कथित अनियमितताओं की भी जांच की जा रही है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 19-10-2026 17:11 Page 1

'डायबिटीज मेरी जिंदगी का हिस्सा है, पूरी पहचान नहीं'

ऐश्वर्या सखुजा ने बयां किया 10 साल का

'सास बिना ससुराल', 'मैं ना भूलूंगी', 'त्रिदेवियां' और 'रिश्ता डॉट कॉम' जैसे शो में नजर आ चुकीं टीवी एक्ट्रेस ऐश्वर्या सखुजा पिछले 10 साल से टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रही है। इस बीमारी को लेकर उन्होंने बताया कि उन्हें शुरुआत में गलत बीमारी बताई गई थी। बाद में पता चला कि वह टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रही हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया कि पिछले 10 साल उनके लिए इंसुलिन लेने, अपनी बॉडी को समझने और लाइफस्टाइल में बदलाव करने का सफर रहा है। डायबिटीज को मैनेज करना कई बार थका देने वाला रहता है। ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 10 साल पहले मेरी बीमारी का गलत पता लगाया गया था। जब तक मुझे समझ आया कि मेरी बॉडी के साथ क्या हो रहा है, तब तक मुझे अंदाजा भी नहीं था कि मेरी जिंदगी इस तरह बदलने वाली है और मुझे हर दिन इसके साथ तालमेल बिठाना पड़ेगा। आज टाइप-1 डायबिटीज के साथ जीते हुए मुझे 10 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने आगे लिखा, 10 साल से इंसुलिन ले रही हूं। 10 साल से अपनी बॉडी को समझ रही हूं। इस दौरान कई उतार-चढ़ाव आए, बहुत कुछ सीखा, कई बार निराशा हुई और धीरे-धीरे चीजों को समझना पड़ा। इन 10 सालों में मैंने अपना ख्याल रखने की कोशिश की है। उन दिनों में भी जब खुद की देखभाल करना किसी फुल-टाइम जॉब जैसा लगता है। एक्ट्रेस ने लिखा, मैंने एक्सरसाइज की है और अपने खाने को लेकर भी ध्यान रखा है। मैंने सीखा है कि अपना ख्याल रखने का मतलब परफेक्ट होना नहीं है। इसका मतलब है बार-बार कोशिश करते रहना। इस सफर में मुझे अपनी बॉडी के प्रति थोड़ा और नरम होना भी सीखना पड़ा है। उस बॉडी के प्रति, जिसे इंसुलिन की जरूरत होती है। उन्होंने लिखा, मैं डायबिटीज को खूबसूरत बनाकर पेश नहीं करूंगी। यह थका देने वाली, कई बार नाइंसाफी जैसी लगने वाली और बहुत मेहनत मांगने वाली बीमारी हो सकती है। लेकिन यह मेरी जिंदगी का एक हिस्सा है, लेकिन मेरी पूरी पहचान नहीं। अपनी पोस्ट के आखिर में ऐश्वर्या ने टाइप-1 डायबिटीज के साथ जी रहे लोगों को भी हिम्मत दी। उन्होंने लिखा, अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए हर समय परफेक्ट होना जरूरी नहीं है। जरूरी यह है कि इंसान अपनी क्षमता के मुताबिक लगातार कोशिश करता रहे। ब्लड ग्लूकोज मॉनिटर पर दिखने वाले नंबरों से कहीं ज्यादा चीजें डायबिटीज से जुड़ी होती हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले सालों में मैं खुद के प्रति और ज्यादा धैर्य और नरमी रख पाऊंगी।



'मुंबई में आखिर हो क्या रहा है?' टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी को लेकर अमाल मलिक ने व्यक्त की चिंता

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी की घटना पर गायक-संगीतकार अमाल मलिक ने चिंता व्यक्त की है। गायक ने मुंबई में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए और अधिकारियों से अभिनेता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।अमाल मलिक की ओर से टाइगर श्रॉफ के लिए एक भावुक संदेश साझा किया गया। उन्होंने टाइगर को उन सबसे दयालु लोगों में से एक बताया जिन्हें वे जानते हैं। उन्होंने इस घटना पर हैरानी जताई। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, 卐टाइगर ने अपनी पहली फिल्म से लेकर अब तक हर पीढ़ी का मनोरंजन किया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि जिस इंसान ने कभी जानबूझकर किसी का बुरा नहीं किया, जो मेरे जानने वाले सबसे दयालु लोगों में से एक है, उसे ऐसी स्थिति से क्यों गुजरना पड़ रहा है?卐 अभिनेता के प्रति अपना समर्थन जताते हुए अमाल ने आगे कहा, 卐अपना ख्याल रखना भाई। तुम्हें पता है कि मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं।卐 गायक-संगीतकार ने टाइगर को इस मुश्किल समय में अपने परिवार को प्राथमिकता देने और अपने करीबियों के साथ खड़े रहने की सलाह भी दी। शहर की स्थिति पर सवाल उठाते हुए, अमाल ने मुंबई पुलिस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को टैग किया। उन्होंने उनसे अभिनेता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की अपील की। उन्होंने लिखा, 卐मुंबई में आखिर हो क्या रहा है? कृपया उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।卐 खबरों के अनुसार, यह गोलीबारी की घटना 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू इलाके में पुष्पा नरसी पार्क के पास एक फुटबॉल क्लब के बाहर हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर को गोली नहीं लगी और वे सुरक्षित बच गए, जबकि उनके ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। इस घटना ने मनोरंजन जगत के लोगों के बीच चिंता पैदा कर दी है। कई मशहूर हस्तियों ने अभिनेता के प्रति अपना समर्थन जताया है और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। मुंबई में सार्वजनिक सुरक्षा पर चिंता जताते हुए गायक मीका सिंह ने कहा कि इस शहर को लंबे समय से देश की सबसे सुरक्षित जगहों में से एक माना जाता रहा है, खासकर महिलाओं के लिए। उन्होंने लिखा, 卐मुंबई को हमेशा भारत के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक माना गया है, जहां लोग (खासकर महिलाएं) देर रात तक बेझिझक घूम-फिर सकते हैं, काम कर सकते हैं और सफर कर सकते हैं। लेकिन टाइगर श्रॉफ के साथ हुई इस घटना ने हमारी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

बचपन में सीता बनती थीं 'मिर्जापुर' की डिम्पी, हर्षिता गौर ने सुनाईं दिल्ली में दशहरा मनाने की यादें

'मिर्जापुर' में डिम्पी पंडित और सड्डा हक में संयुक्ता के किरदार से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस हर्षिता गौर ने बचपन के दिनों में मनाए जाने वाले दशहरे के त्योहार को याद किया। उन्होंने कहा कि बचपन में वह स्कूल और सोसायटी में होने वाले दशहरे के कार्यक्रमों में सीता का किरदार निभाया करती थीं। परिवार के साथ रावण दहन देखने जाना, बड़े-बड़े रावण के पुतले और त्योहार के दौरान पूरे शहर में नजर आने वाला उत्साह उनकी यादों का खास हिस्सा है। हर्षिता ने कहा, दिल्ली में दशहरे की अपनी अलग रौनक होती है, खासकर जब आप इसे बचपन की यादों के साथ देखते हैं। मुझे याद है कि बड़े-बड़े रावण के पुतलों को लेकर कितना उत्साह रहता था और त्योहार के दौरान पूरा शहर किस तरह जश्न में डूब जाता था। एक्ट्रेस ने कहा, बचपन में मैं दशहरे पर स्कूल या हमारी सोसायटी के मैदान में होने वाले नाटकों में सीता का किरदार निभाया करती थी। वे यादें आज भी मेरे साथ हैं। परिवार के साथ बाहर जाना, जश्न का हिस्सा बनना और सबके साथ मिलकर त्योहार मनाना, इन सब चीजों ने दशहरे को मेरे लिए खास बनाया। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जिंदगी में आगे बढ़ने के बाद भी बचपन के ये पल हमेशा याद रहते हैं। कई बार साधारण-सी दिखने वाली यादें ही समय के साथ सबसे खास बन जाती हैं। हर्षिता ने कहा, आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो इन्हीं छोटे-छोटे पलों को सबसे ज्यादा संजोकर रखती हूं। बचपन की ये यादें उसके बीत जाने के लंबे समय बाद भी आपके साथ रहती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो हर्षिता हाल ही में मिर्जापुर- द मूवी में नजर आई थीं। गुरमीत सिंह के निर्देशन में बनी यह गैंगस्टर ड्रामा फिल्म मिर्जापुर की दुनिया पर आधारित है। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु, जितेंद्र कुमार और रवि किशन भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म वेब सीरीज के पहले सीजन की कहानी के दौरान की घटनाओं को दिखाती है। ओटीटी पर हर्षिता क्राइम ड्रामा सीरीज वेटिंग है में भी नजर आई थीं। समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी इस सीरीज में दिव्येंदु, भुवन अरोड़ा, कुमुद मिश्रा और सुनीता राजवर भी शामिल हैं।

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग से बॉलीवुड में आक्रोश, रवि किशन बोले- दोषियों को मिले कठोर सजा



अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग की घटना के बाद बॉलीवुड एकजुट नजर आ रहा है। सभी लोग टाइगर और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं, साथ ही आरोपियों को जल्द पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी कर रहे हैं। अभिनेता रवि दुबे ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान दोषियों को पकड़ने की मांग की। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद है। जिन्होंने यह किया है, उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाना चाहिए। इससे हम सभी को कुछ राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, अभी तक मेरी टाइगर से बात नहीं हुई है, लेकिन मैं उनसे जल्द ही बात करूंगा। टाइगर अभी ठीक हैं, उनके ड्राइवर को चोट लगी है। उम्मीद करते हैं कि वे भी जल्द से जल्द ठीक हो जाएं और हमलावरों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए।

CMYK

page 7_Layout 1 19-10-2026 16:33 Page 1

भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 20 अक्टूबर से होगा लागू

व्यापार और निवेश को मिलेगा बड़ा बढ़ावा: वाणिज्य सचिव

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 20 अक्टूबर से लागू हो जाएगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, नियामकीय सहयोग को तेज करने और निवेश प्रवाह बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा। समझौते के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि एफटीए केवल शुल्कों में कटौती तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को बढ़ावा देने वाली गहरी और दीर्घकालिक आर्थिक साझेदारियां विकसित करने का माध्यम होते हैं। उन्होंने कहा, एफटीए का उद्देश्य गहरी आर्थिक साझेदारी तैयार करना है। वाणिज्य सचिव ने कहा कि ऐसे समझौते नियामकीय मंजूरियों की प्रक्रिया को तेज करने और साझेदार देशों के बीच कारोबार सुगमता बढ़ाने में भी मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि भारत मजबूत और लचीली वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने तथा भारतीय कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बढ़ाने की व्यापक रणनीति के तहत कई मुक्त व्यापार समझौतों पर काम कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई मजबूती देगा और सरकार आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता निवेश के क्षेत्र में भी बड़े अवसर खोलने वाला माना जा रहा है। एफटीए के जरिए कृषि, विनिर्माण, बुनियादी ढांचे और स्टार्टअप्स समेत विभिन्न क्षेत्रों में न्यूजीलैंड से भारत में 20 अरब डॉलर तक के निवेश का रास्ता खुल सकता है। भारत के सेवा क्षेत्र को भी इस समझौते से व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है। सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, निर्माण, पर्यटन और ऑडियो-विजुअल सेवाओं जैसे क्षेत्रों को न्यूजीलैंड के बाजार में अधिक पहुंच मिलेगी। समझौते के तहत भारतीय पेशेवरों के लिए विशेष वीजा कोटा की व्यवस्था की गई है। साथ ही भारतीय छात्रों के लिए पढ़ाई पूरी करने के बाद काम करने के अधिकारों का विस्तार किया गया है, जिससे रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

भारतीय फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस निर्यातकों को भी तेज बाजार पहुंच का लाभ मिलेगा। न्यूजीलैंड विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त नियामकों द्वारा जारी निरीक्षण स्वीकृतियों को स्वीकार करेगा।

मायावती के भतीजे आकाश आनंद के भरोसे बसपा, 2027 के चुनाव में होगी परीक्षा

डेली आवाज भारती



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर चुनाव प्रचार की कमान सौंप दी है। पार्टी से कई बार बाहर किए जाने के बाद आकाश की वापसी को सिर्फ युवाओं को साधने की रणनीति के तौर पर नहीं देखा जा रहा है बल्कि इसे बसपा में भरोसेमंद दूसरी पंक्ति के नेतृत्व की कमी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगातार चुनावी चुनौतियों और वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने के बीच मायावती के सामने ऐसे चेहरे का संकट है, जिस पर वह भरोसा कर सकें और जिसे संगठन की जिम्मेदारी सौंपी जा सके। बसपा को अपने पारंपरिक वोट बैंक के साथ युवाओं को जोड़ने की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में युवाओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पार्टी को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो नई पीढ़ी के मुद्दों को उठाने के साथ संगठन को भी सक्रिय कर सके। ऐसे में आकाश आनंद की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। हालांकि, उनकी वापसी के पीछे युवाओं को साधने की रणनीति कितनी अहम है और भरोसेमंद नेतृत्व के विकल्पों की कमी कितनी बड़ी वजह है, इस पर राजनीतिक विश्लेषकों की अपनी-अपनी राय है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक रतनमणि लाल के मुताबिक, आकाश आनंद को दोबारा आगे लाने के पीछे बसपा में युवा नेतृत्व के सीमित विकल्प भी एक महत्वपूर्ण कारण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी में युवा नेताओं की अच्छी-खासी मौजूदगी है और उसके प्रमुख चंद्रशेखर खुद युवा हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी भी युवाओं को आगे रखने की कोशिश कर रही है। ऐसे में बसपा के सामने भी युवा नेतृत्व को लेकर अपनी रणनीति स्पष्ट करने की चुनौती है।

रतनमणि लाल का मानना है कि मायावती पिछले कुछ वर्षों में आकाश आनंद को लेकर कई तरह के प्रयोग कर चुकी हैं। उन्हें जिम्मेदारी देना, फिर हटाना और दोबारा आगे लाना इसी प्रक्रिया का हिस्सा रहा है। इस दौरान मायावती ने आकाश के विकल्प के तौर पर किसी दूसरे युवा चेहरे को सामने लाने की भी कोशिश की, लेकिन बसपा में ऐसा कोई चेहरा उभरकर नहीं आया, जिसे व्यापक स्तर पर पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बसपा में पहले दूसरी पंक्ति के कई ऐसे नेता हुआ करते थे, जो मायावती के भरोसेमंद माने जाते थे, लेकिन अब उनमें से कई पार्टी से दूर हो चुके हैं।

'अराजकता फैलाने वाले साथियों से मुलाकात', विदेश यात्रा की खबरों को लेकर एनडीए नेताओं ने राहुल गांधी पर तंज कसा

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी की ओर से सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथित विदेश यात्रा पर तंज कसा गया है। उनकी ओर से पूछा गया कि क्या राहुल गांधी अपने अराजकता फैलाने वाले साथियों से मिलने जा रहे हैं। उन्होंने साथ ही नवरात्र के त्योहारों के दौरान राहुल के भारत में मौजूद न होने पर भी सवाल उठाया। प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि राहुल गांधी छुट्टियों के लिए विदेश गए हैं। उन्होंने इस बात को लेकर राहुल गांधी की आलोचना की कि वे अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रदीप भंडारी ने लिखा, ÷राहुल गांधी फिर से वही कर रहे हैं, जिसमें वे सबसे माहिर हैं; ब्रेक लेना और छुट्टियों का आनंद लेना! खबर है कि राहुल गांधी छुट्टियों के लिए विदेश गए हैं। राहुल गांधी भारत में नहीं हैं! नवरात्र के दौरान, राहुल गांधी विदेश में क्या कर रहे हैं? ब्रेक का मजा ले रहे हैं, या अपने अराजकता फैलाने वाले साथियों से मिल रहे हैं? एक ऐसा व्यक्ति जो काम करने से ज्यादा समय आराम करने में बिताता है और फिर चिल्लाता है, वोट चोरी हो गया! भंडारी की यह टिप्पणी भाजपा और कांग्रेस के बीच चल रही राजनीतिक बयानबाजी के बीच आई है। दोनों पार्टियों के नेता अक्सर सार्वजनिक कार्यक्रमों, राजनीतिक गतिविधियों और चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े आरोपों को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साधते रहते हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने भी सोशल मीडिया पर राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने दशहरा उत्सव के दौरान रावण के पुतले जलाने की परंपरा का जिक्र किया। राजभर ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ÷राहुल गांधी, सुना है कि आप कल रात विदेश यात्रा पर निकल गए। क्या आप अपनी आंखों के सामने अपने दोस्त रावण का पुतला जलते हुए नहीं देख पाए?÷

प्रदीप भंडारी और ओपी राजभर की ओर से यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई है, जब राहुल गांधी ने गोवा के मडगांव में एक रैली के दौरान भाजपा नेतृत्व पर चुनावी गड़बड़ियां कराने का आरोप लगाया।

ओआईसी बैठक में पाकिस्तान के इशारे पर भारत विरोधी टिप्पणी तथ्यों से परे और अस्वीकार्य : विदेश मंत्रालय

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। बगदाद में हुई इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत विरोधी टिप्पणियों पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि ये टिप्पणियां तथ्यों से परे और अस्वीकार्य हैं। ये बैठक 17-18 अक्टूबर को आयोजित की गई थी। भारत ने इन्हें दुर्भावनापूर्ण, पक्षपातपूर्ण और झूठा करार दिया है। साथ ही आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने अपने एजेंडे के लिए ओआईसी का इस्तेमाल किया है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि भारत को इस बात से निराशा है कि ओआईसी ने एक बार फिर पाकिस्तान को अपने संकीर्ण और कट्टरपंथी एजेंडे के लिए संगठन का दुरुपयोग करने दिया। बयान में कहा गया, ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। राजनीतिक उद्देश्यों से फैलाया गया दुष्प्रचार इस वास्तविकता को नहीं बदल सकता। भारत ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद के वर्षों में जम्मू-कश्मीर में उल्लेखनीय आर्थिक विकास हुआ है। बुनियादी ढांचे, पर्यटन और संपर्क सुविधाओं के विकास से वहां के लोगों को सीधा-सीधा लाभ पहुंचा है। इसके साथ ही, भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) की स्थिति पर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने वहां नागरिक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा, दमन और बर्बरता की है।

एलन मस्क का बड़ा ऐलान

अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को मिलेगा 'स्पेसएक्स' का एक शेयर

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि वह अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को स्पेसएक्स का एक शेयर देंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने इस कदम को अपने प्रकार की पहली पहल बताया।

मस्क ने लिखा, अगले साल, मैं अमेरिका के हर बच्चे को अपने स्पेसएक्स का एक शेयर दूंगा। यह अपने प्रकार पहली पहल होगी।

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब मस्क निजी एयरोस्पेस और सैटेलाइट कंपनी स्पेसएक्स के सबसे बड़े शेयरधारक बने हुए हैं। हाल ही में नियामकीय दस्तावेज में दी गई जानकारी के अनुसार, 30 जून तक स्पेसएक्स में मस्क की 48.4 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। दस्तावेज के अनुसार, स्पेसएक्स में मस्क के पास लगभग 6.42 अरब शेयर हैं। उनकी हिस्सेदारी में 84.95 करोड़ क्लास ए शेयर और ट्रस्ट के माध्यम से रखे गए 3.92 अरब क्लास बी शेयर शामिल हैं, जिनमें वह ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हैं। इसके अलावा, मस्क के पास सीधे तौर पर लगभग 1.30 अरब प्रतिबंधित क्लास बी शेयर हैं। साथ ही, उनके पास स्टॉक ऑप्शन से जुड़े अधिकार भी हैं, जिनके तहत 35 करोड़ अन्य क्लास बी शेयर शामिल हैं।

मस्क ने प्रस्तावित शेयर वितरण को लागू करने के तरीके के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। इसमें पात्रता के मानदंड, समयसीमा, नियामकीय मंजूरी और शेयर सीधे लाभार्थियों को हस्तांतरित किए जाएंगे या ट्रस्ट के माध्यम से दिए जाएंगे, जैसे पहलू शामिल हैं। स्पेसएक्स दुनिया की सबसे मूल्यवान निजी कंपनियों में से एक है। इसका कारोबार वाणिज्यिक रॉकेट प्रक्षेपण सेवाओं, स्टारलिंक के जरिए सैटेलाइट इंटरनेट और मानव अंतरिक्ष उड़ान अभियानों तक फैला हुआ है। इस बीच, पिछले सप्ताह मस्क ने अपनी रोडस्टर स्पोर्ट्स कार का नया वर्जन पेश किया।

पाकिस्तान से आए शरणार्थियों ने रांची में किया था पहला रावण दहन

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दशहरे पर रावण दहन सिर्फ एक पुतला जलाने की परंपरा नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हर साल विजयादशमी के दिन देशभर में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतले जलाए जाते हैं, जो यह संदेश देते हैं कि अहंकार, अन्याय और बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंत में सत्य और धर्म की ही जीत होती है। हिंदू धर्म ग्रंथों में दशहरा का पर्व मनाने को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। रामायण के अनुसार, त्रेतायुग में लंका के राजा रावण ने माता सीता का अपहरण कर लिया था। इसके बाद भगवान श्रीराम ने वानर सेना की सहायता से लंका पर चढ़ाई कर दी थी। युद्ध में रावण के भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाद सहित कई योद्धा मारे गए। युद्ध के आखिरी में श्रीराम ने रावण का वध किया और सीता को मुक्त कराया। इसी विजय को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में देखा जाता है और दशहरे पर रावण दहन किया जाता है। हालांकि रावण दहन की परंपरा कब शुरू हुई, इसका सटीक ऐतिहासिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। रावण दहन की प्रथा अपेक्षाकृत नई है और भारत की स्वतंत्रता के बाद लोकप्रिय हुई। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, पहला रावण दहन 1948 में रांची में हुआ था और इसका आयोजन पाकिस्तान से आए शरणार्थियों द्वारा किया गया था। दिल्ली में पहला रावण दहन 1953 में रामलीला मैदान में हुआ था। नागपुर में भी 1948 में 35 फुट ऊंचे रावण पुतला (पुतला) की स्थापना के साथ इस परंपरा की शुरुआत हुई थी। परंपरागत रूप से रावण का स्ट्रक्चर बांस, कपड़े, रस्सी और कागज से बनाया जाता है। वर्तमान में फाइबरग्लास जैसी आधुनिक सामग्रियों का भी उपयोग किया जाने लगा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, राक्षस महिषासुर ने अपने कठिन तपस्या से ब्रह्मा जी को प्रसन्न कर उनसे वरदान मांग लिया था कि किसी मानव द्वारा उसकी मृत्यु न हो। वरदान मिलने के बाद महिषासुर ने तीनों लोकों पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया। महिषासुर के आतंक से मुक्ति पाने के लिए देवताओं ने एक दिव्य शक्ति को प्रकट किया।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामला: कांग्रेस ने पुलिस-खुफिया तंत्र को घेरा, पूर्व एडीजीपी ने बताया गैंग का मकसद

डेली आवाज भारती



मुंबई। अभिनेता टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर फायरिंग की घटना के बाद बयानबाजी तेज हो गई है। पंजाब के अबोहर में लॉरेंस बिश्नोई के चचेरे भाई रमेश बिश्नोई ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए सलमान खान और उनके परिवार से अपनी जिद छोड़ने की बात कही। वहीं, कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ और इमरान मसूद ने घटना को लेकर पुलिस, खुफिया तंत्र और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। दूसरी तरफ, सेवानिवृत्त एडीजीपी पीके जैन ने भी फायरिंग के पीछे गैंग के संभावित मकसद पर अपनी राय रखी। रमेश बिश्नोई ने कहा कि बिश्नोई समाज में इस मुद्दे को लेकर नाराजगी है और लॉरेंस बिश्नोई भी नाराज है। लॉरेंस और सलमान खान के बीच कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है। यह मामला धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है। लॉरेंस की ओर से सलमान खान को समाज से माफी मांगने का सीधा रास्ता सुझाया गया है। टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर फायरिंग के मामले में रमेश ने कहा कि वायरल ऑडियो में भी सलमान खान के साथ काम करने वाले लोगों को चेतावनी देने की बात कही गई है। उन्होंने सलमान खान के परिवार से इस मुद्दे पर अपनी जिद छोड़ने की अपील की और कहा कि समाज में इस विषय को लेकर व्यापक नाराजगी है। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर फायरिंग की घटना को पुलिस और खुफिया तंत्र की बड़ी विफलता बताया। उन्होंने कहा कि मुंबई में सार्वजनिक स्थानों पर गोलीबारी की घटनाएं चिंता बढ़ाती हैं। गायकवाड़ ने सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग, बाबा सिद्दीकी की हत्या और चेंबूर में एक कारोबारी पर गोली चलने जैसी घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने सवाल किया कि यदि मुंबई में इस तरह की घटनाएं जारी रहती हैं, तो आम नागरिक सुरक्षा के लिए किस पर भरोसा करें। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे आदिवासी बच्चों और साहिल वाकोडे के लिए न्याय की मांग कर रहे युवाओं को हिरासत में लेने में तेजी दिखाई जाती है, लेकिन गोलीबारी की घटनाओं को रोकने में खुफिया तंत्र की भूमिका पर सवाल खड़े होते हैं। सेवानिवृत्त एडीजीपी पीके जैन ने कहा कि तीन लोगों के पकड़े जाने और कथित तौर पर घटना की जिम्मेदारी लेने के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग की भूमिका की बात सामने आई है। हालांकि, फायरिंग का वास्तविक उद्देश्य अभी स्पष्ट नहीं है। यह केवल सलमान खान और उनके सहयोगियों को धमकाने की कोशिश है या भविष्य में वसूली और फिरौती के लिए डर का माहौल बनाया जा रहा है, इस बारे में अभी ठोस निष्कर्ष नहीं निकला है। अब तक किसी सेलिब्रिटी को धमकी भरे फोन या फिरौती की मांग की जानकारी सामने नहीं आई है। उन्होंने यह भी कहा कि गैंग उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में कथित तौर पर वसूली करता रहा है और मुंबई में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

फ्रांस हिंसा- मार्सेय में सभी तरह के प्रदर्शन और सभाओं पर प्रतिबंध

डेली आवाज भारती



पेरिस। दक्षिणी फ्रांस के बुशेस-डू-रोन पुलिस प्रीफेक्चर ने सोमवार को मार्सेय शहर में दोपहर से रात 8 बजे (स्थानीय समय) तक सभी तरह की सभाओं और प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए ये सूचना प्रेषित की गई। दूसरी ओर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 17 अक्टूबर को हुई हिंसा, लूटपाट और उपद्रव करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। समाचार एजेंसी सिंहुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सप्ताहांत में यूरोप के प्रमुख शहरों की सड़कों पर हजारों लोग उतर आए थे। वे महंगाई, आवास की समस्या और खस्ताहाल सार्वजनिक सेवाओं को लेकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे थे।

फ्रांस और इटली में हिंसक झड़पों से लेकर पुर्तगाल में बड़े पैमाने पर रैलियों तक, सामाजिक अशांति की यह लहर पूरे महाद्वीप में गहरे होते सामाजिक-आर्थिक विभाजन और लोगों के बढ़ते असंतोष को दर्शाती है। मैक्रों ने शनिवार को सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि फ्रांस में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, ÷जिन लोगों ने तोड़फोड़ की है, सरकारी कार्यालयों और व्यवसायों पर हमले किए हैं, और यहां तक कि हमारे टाउन हॉल में लूटपाट भी की। उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन पर मुकदमा चलाया जाएगा और सजा भी दी जाएगी।÷

फ्रांस में शनिवार को देश भर में हुए प्रदर्शनों में लगभग 5,50,000 लोग शामिल हुए। इनमें किसान, ट्रेड यूनियन, जलवायु कार्यकर्ता और छात्र शामिल थे, जो ईंधन की ऊंची कीमतों, महंगाई और सार्वजनिक सेवाओं में कटौती से राहत की मांग कर रहे थे। ये प्रदर्शन जल्द ही हिंसक झड़पों में बदल गए। फ्रांसीसी गृह मंत्रालय के अनुसार, 997 पुलिस अधिकारी और सुरक्षाकर्मी घायल हुए, जिनमें से सात की हालत गंभीर है। वहीं, पूरे देश में 2,397 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उत्तरी इटली में भी बढ़ती जीवन-यापन लागत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। मिलान में, काले कपड़े पहन सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने पियाजा डेल डुओमो को घेर लिया और पुलिस पर हमला किया। इतालवी समाचार एजेंसी एएनएसए के अनुसार, इस दौरान चार अधिकारी और 20 प्रदर्शनकारी घायल हुए, जबकि लगभग 50 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में 3 आरोपी कोटा से गिरफ्तार

नेपाल भागने की थी तैयारी, ट्रेन से जयपुर जा रहे थे; 2 हरियाणा और 1 बिहार का रहने वाला

डेली आवाज भारती



मुंबई /कोटा। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में राजस्थान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सोमवार सुबह करीब 10-30 बजे कोटा रेलवे स्टेशन पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। आरोपियों में दो हरियाणा और एक बिहार का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद तीनों फरार होने की कोशिश कर रहे थे और उनकी योजना नेपाल भागने की थी। ट्रेन से जयपुर, फिर दिल्ली होते हुए नेपाल जाने का प्लान पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी पुणे-जयपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर जयपुर जा रहे थे। यहां पहुंचने के बाद उन्हें बस से दिल्ली जाना था और फिर नेपाल भागने की योजना थी। हालांकि, मुंबई पुलिस से मिली सूचना के बाद कोटा पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी और ट्रेन की तलाशी लेकर तीनों को पकड़ लिया। कोटा एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि मुंबई पुलिस से आरोपियों के ट्रेन में होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने करीब 15 मिनट के भीतर ट्रेन की जांच पूरी की और तीनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक, इस मामले में लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित की भूमिका सामने आई है। आरोप है कि उसने फायरिंग की वारदात के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया था। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य लोगों और घटना के पीछे की साजिश का पता लगाने में जुटी है। जानकारी के अनुसार, फायरिंग की घटना में टाइगर श्रॉफ को गोली नहीं लगी, लेकिन उनके बाएं हाथ में बारूद और कांच के टुकड़ों से चोट आई। घटना के दौरान उनके ड्राइवर को भी चोट लगने की बात सामने आई है।

आरोपी के पिता ने बताई पारिवारिक स्थिति

गिरफ्तार आरोपी रेहान के पिता रिशुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा कई साल पहले वेल्डिंग का काम सीखने की बात कहकर घर से चला गया था। उन्होंने यह भी बताया कि रेहान की मां के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा है और वह करीब 10 साल से अलग रह रही हैं। रेहान अपनी मां के साथ रहता है। फिलहाल, पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच के दौरान फायरिंग की वजह, कथित साजिश और अन्य संदिग्धों की भूमिका से जुड़े पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

CMYK

page 8_Layout 1 19-10-2026 22:10 Page 1

अलीशेर सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत बेहद दुखद

पीड़ित परिवारों के दुख में बराबर के भागीदार हैं: हरपाल सिंह चीमा

डेली आवाज भारती



संगरूर/मोहिंदर सिंह । पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने गांव अलीशेर में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना ने पीड़ित परिवारों के साथ-साथ पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब सरकार उनके दुख में बराबर की भागीदार है। श्री चीमा जिला अस्पताल, संगरूर में उपचाराधीन मरीजों का हाल जानने पहुंचे थे। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि किसी परिवार के प्रिय सदस्य का अचानक बिछड़ जाना असहनीय होता है और इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के दर्द को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कीमती मानवीय जीवन के नुकसान की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन प्रभावित परिवारों को हौसला और जरूरी सहायता देना सरकार की जिम्मेदारी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार इस मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की गई है और हादसे में घायल हुए लोगों का मुफ्त तथा बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है। हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि घायलों का इलाज सिविल अस्पताल, संगरूर और सरकारी राजिंदरा अस्पताल, पटियाला में चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पतालों में भर्ती घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है और डॉक्टरों की टीमें उनकी सेहत पर नजर रख रही हैं। उन्होंने कहा कि घायलों को समय पर जरूरी दवाइयां, जांच और अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि इलाज के दौरान किसी भी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए और घायलों के परिवारों को भी उनकी सेहत तथा उपचार के बारे में उचित जानकारी मिलती रहनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ऐसे दुखद समय में संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों की जरूरतों को समझना और उन तक सहायता पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दुख झेल रहे परिवारों को प्रशासनिक सहयोग के साथ-साथ सामाजिक और भावनात्मक सहारे की भी जरूरत होती है। हरपाल सिंह चीमा ने क्षेत्रवासियों से पीड़ित परिवारों का सहारा बनने की अपील करते हुए कहा कि पंजाब की आपसी भाईचारे और एक-दूसरे के दुख में शामिल होने की परंपरा ऐसी कठिन घड़ियों में हौसला देती है।

भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल के पावन सरोवर में 500 रंग-बिरंगी मछलियों का बीज छोड़ा गया

डेली आवाज भारती



अमृतसर। पंजाब विधानसभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां, राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल, भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल श्राइन बोर्ड की एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन श्री बाल योगी प्रगट नाथ, लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. सहित अन्य प्रमुख हस्तियों द्वारा आज भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल के पावन सरोवर में 500 रंग-बिरंगी मछलियों का बीज छोड़ा गया। पंजाब सरकार द्वारा सरोवर की सफाई और अन्य आवश्यक कार्य करवाने के बाद इसमें दोबारा जल भरा गया है। इस अवसर पर पंजाब विधानसभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि पंजाब की धरती ऋषियों, मुनियों, गुरुओं और पैगंबरों की धरती है। उन्होंने कहा कि श्री वाल्मीकि तीर्थ वह पावन स्थल है, जहां भगवान महर्षि वाल्मीकि जी ने तपस्या की और लव-कुश को शिक्षा प्रदान की। उनकी शिक्षाएं समस्त मानवता को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा इस पावन स्थल की सुंदरता बढ़ाने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर जानकारी देते हुए लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि आज पावन सरोवर में 500 रंग-बिरंगी मछलियों का बीज छोड़ा गया है। इससे पहले पिछले सप्ताह भी सरोवर में लगभग 2,500 मछलियों का बीज छोड़ा गया था, जिसमें रोहू, मृगल कार्प, कॉमन कार्प और ग्रास कार्प प्रजातियों की मछलियां शामिल थीं। आज छोड़ी गई मछलियों में कोई कार्प, रेड हेड तथा अन्य मिलती-जुलती रंग-बिरंगी प्रजातियों की मछलियां शामिल हैं। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल के विकास एवं सौंदर्यीकरण पर लगभग 17.72 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें से 3.74 करोड़ रुपये पावन सरोवर की सफाई, गाद निकालने, साफ रेत डालने तथा अन्य संबंधित कार्यों पर खर्च किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 2.80 करोड़ रुपये की लागत से मुख्य मंदिर की पेंटिंग एवं पॉलिशिंग, रास्तों के पिलरों की मरम्मत और सैंडस्टोन की सिलिकॉन कटिंग के कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी प्रकार, 2.42 करोड़ रुपये की लागत से संगत हॉल के पत्थरों की मरम्मत तथा लंगर हॉल, सराय और पैनोरमा स्थित हॉल की पेंटिंग के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सराय में नया फर्नीचर, एयर कंडीशनर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर लगभग 1.74 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) की क्षमता बढ़ाने, बाथरूमों की मरम्मत, नए एयर कंडीशनर और गीजर लगाने तथा अग्नि सुरक्षा प्रणाली सहित अन्य विकास कार्यों पर 5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। इस दौरान राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने समस्त श्रद्धालुओं को भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा इस पावन अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जा रहा है तथा तीर्थ स्थल की सुंदरता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्य किए गए हैं।

पड़ोसी राज्यों से आने वाली दवाओं की निगरानी के लिए लागू होगी सख्त व्यवस्था: मलविंदर कंग

पड़ोसी राज्यों से आने वाली दवाओं की निगरानी के लिए लागू होगी सख्त व्यवस्था : मलविंदर कंग

डेली आवाज भारती



रूपनगर। श्री आनंदपुर साहिब लोकसभा क्षेत्र से सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से पंजाब में आने वाली प्रतिबंधित और आदत डालने वाली दवाओं की निगरानी के लिए सख्त व्यवस्था लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य राज्य में ऐसी दवाओं के दुरुपयोग और अवैध बिक्री पर रोक लगाना है। जिला प्रशासनिक परिसर रूपनगर के समिति कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सांसद ने नियमों का उल्लंघन करने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार नशीली, प्रतिबंधित और आदत डालने वाली दवाओं की अवैध बिक्री रोकने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। इसके बावजूद पड़ोसी राज्यों से ऐसी दवाओं की आपूर्ति होने की शिकायतों को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में रूपनगर, शहीद भगत सिंह नगर, होशियारपुर और एसएएस नगर जिलों में अवैध दवाओं की बिक्री एवं आपूर्ति रोकने के लिए की गई कार्रवाई, मौजूदा स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। ड्रग कंट्रोल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

केजरीवाल और सिसोदिया पंजाब से गायब? गायत्री बिश्नोई भी हुई धाराशाई!

डेली आवाज भारती



2026 में मई और जून के दौरान पंजाब की राजनीति में अरविंद केजरीवाल की सक्रियता लगातार चर्चा में थी। मई में लुधियाना और जून में बठिंडा व जालंधर तक उनके दौरे हुए। पार्टी की बैठकों से लेकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों तक, केजरीवाल पंजाब में सक्रिय नजर आ रहे थे। मनीष सिसोदिया भी पंजाब में पार्टी संगठन की बैठकों में हिस्सा ले रहे थे। लेकिन अब पंजाब की राजनीति में एक नया सवाल उठ रहा है। क्या पंजाब में खिसकती साख और विपक्ष के लगातार हमलों के बीच केजरीवाल और सिसोदिया ने पंजाब से दूरी बना ली है? विपक्ष लंबे समय से अरविंद केजरीवाल को बाहरी नेता और मुख्यमंत्री भगवंत मान को कठपुतली मुख्यमंत्री बताकर घेरता रहा है। कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैहरा समेत विपक्षी नेताओं ने पंजाब में दिल्ली के नेताओं की भूमिका और सरकारी आवासों में उनके कथित ठहराव पर भी सवाल उठाए हैं।

अमित शाह से मुलाकात को लेकर झोटा के पिता की अपील

- परिवार की मांग है कि गृह मंत्री उनसे मुलाकात कर मामले में इंसाफ दिलाने के लिए जरूरी कदम उठाएं

बोले- धरने पर नहीं, परिवार से निजी तौर पर मिलें

डेली आवाज भारती



मानसा। मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा के पिता भीम सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील की है कि वह धरना स्थल पर आने के बजाय परिवार से निजी तौर पर मुलाकात करें और उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए कदम उठाएं। परिवार की ओर से यह अपील ऐसे समय में की गई है, जब अमित शाह के पंजाब दौरे और झोटा के परिजनों से मुलाकात की चर्चाएं चल रही हैं। भीम सिंह के मुताबिक, अमित शाह देश के एक महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह परिवार को इंसाफ दिलाने में मदद कर सकते हैं। परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में परिवार इंसाफ की मांग कर रहा है। अब अमित शाह के संभावित पंजाब दौरे के बीच उनके पिता का यह बयान सामने आया है। परिवार की मांग है कि गृह मंत्री उनसे मुलाकात कर मामले में इंसाफ दिलाने के लिए जरूरी कदम उठाएं।

7 दिन से अस्पताल में रखा है परविंदर झोटा का शव

परविंदर झोटा की हत्या को लेकर मानसा में विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। उनका शव पिछले 7 दिनों से मानसा के अस्पताल में रखा हुआ है। पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार को लेकर एक्शन कमेटी के अड़े रहने से मामला लगातार गंभीर बना हुआ है।

परविंदर सिंह झोटा की मौत से दुखी बलकौर सिंह ने रद्द किया 'साइन टू गॉड' शो

डेली आवाज भारती



मानसा। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने परविंदर सिंह झोटा की हत्या से दुखी होकर अपने 'साइन टू गॉड' शो को फिलहाल रद्द करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि परविंदर सिंह झोटा उनके बेटे जैसा था और उसकी मौत से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। बलकौर सिंह के अनुसार, झोटा की मौत के बाद पंजाब में बने माहौल और लोगों में फैले रोष को देखते हुए उन्होंने कार्यक्रम नहीं करने का निर्णय लिया है। उन्होंने विदेशों में उनके कार्यक्रमों का इंतजार कर रहे प्रशंसकों से भी माफी मांगी है। बलकौर सिंह ने खास तौर पर कनाडा के कैलगरी और अमेरिका में उनके शो का इंतजार कर रहे प्रशंसकों के प्रति खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में लोगों की भावनाओं को समझना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने फिलहाल शो रद्द करने का फैसला किया है।

मानसा और पंजाब को बताया पहली प्राथमिकता, कनाडा और अमेरिका में कार्यक्रम का इंतजार कर रहे प्रशंसकों से मांगी माफी

'मेरे लिए मानसा और पंजाब सबसे पहले'

बलकौर सिंह ने स्पष्ट किया कि उनके लिए मानसा और पंजाब सबसे पहले हैं। परविंदर सिंह झोटा की मौत के बाद पैदा हुए हालात और लोगों की भावनाओं को देखते हुए उन्होंने कार्यक्रमों से पीछे हटने का निर्णय लिया है। उनके इस फैसले के बाद कनाडा और अमेरिका में शो का इंतजार कर रहे प्रशंसकों को निराशा हुई है। हालांकि, बलकौर सिंह ने अपने फैसले के जरिए पंजाब के मौजूदा हालात और लोगों की भावनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही है।

आस्था एन्क्लेव में भव्य दशहरा मेला 2026 का आयोजन आज

डेली आवाज भारती



बरनाला, नवीन काली। बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व के अवसर पर आस्था एन्क्लेव, धनोला रोड बरनाला में भव्य दशहरा मेला 2026 आज 20 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। आस्था धाम मंदिर क्षेत्र में शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित होने वाले इस मेले में शाम 6 बजे भव्य रावण दहन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन आस्था एन्क्लेव रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.), धनोला रोड बरनाला द्वारा किया जा रहा है, जबकि एम/एस बरनाला बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड बरनाला द्वारा कार्यक्रम को प्रायोजित किया जा रहा है। मेले के दौरान पंजाबी संस्कृति की रंगारंग झलक प्रस्तुत करते गिद्दा एवं भांगड़ा, डीजे म्यूजिक, निःशुल्क फूड स्टॉल और तंबोला गेम सहित अनेक मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शाम 6 बजे होने वाला रावण दहन सत्य, धर्म और सदाचार की विजय का संदेश देगा। यह आयोजन कालोनी वासियों को परिवार एवं मित्रों के साथ त्योहार मनाने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के प्रायोजक एम/एस बरनाला बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर्स दीपक बांसल सोनी, राजेश सिंगला, घनश्याम दास बांसल एवं रविंदर अरोड़ा है।

गांव बगिंडी में चौथा सालाना कुश्ती दंगल: परमिंदर सिंह गोल्डी ने की शिरकत, पहलवानों की बढ़ाई हौसला अफजाई

डेली आवाज भारती



न्यू चंडीगढ़ (हरतेज सिंह तेजी,संदीप अकालगढ़िया): हल्का खरड़ के प्रभारी एवं पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने गांव बगिंडी स्थित माता बगलामुखी मंदिर में आयोजित चौथे सालाना कुश्ती दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पहलवानों का हौसला बढ़ाया और लगातार चार वर्षों से इस सफल आयोजन के लिए प्रबंधक कमेटी और छिंज कमेटी के प्रयासों की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि कुश्ती दंगल केवल खेल नहीं, बल्कि गांव की खुशहाली, आपसी भाईचारे और समृद्ध ग्रामीण संस्कृति का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन जहां युवाओं को पंजाब की समृद्ध खेल विरासत से जोड़ते हैं, वहीं उनमें अनुशासन, कड़ी मेहनत और प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। गोल्डी ने क्षेत्र की सभी छिंज कमेटियों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को नशों से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहने चाहिए। इस अवसर पर छिंज कमेटी के अध्यक्ष निर्मल सिंह, सरपंच गुरदीप सिंह, कमेटी सदस्य मलकीत सिंह, कुलदीप सिंह, पंच मलकीत सिंह, हल्का संगठन प्रभारी गुरशरण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुखी राठौड़, संजीवन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सतविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह सुखी, अनिल भाटिया और रितिका भारद्वाज सहित कई प्रमुख हस्तियां और ग्रामीण उपस्थित थे।

झोटा को इंसाफ दिलाने के लिए किसानों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

- अमृतसर में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के आवास के बाहर सौंपा मांगपत्र, सरवन सिंह पंधेर और गुरबचन सिंह चब्बा ने उठाए सवाल

झोटा को इंसाफ दिलाने के लिए किसानों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

डेली आवाज भारती



अमृतसर। पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में इंसाफ की मांग को लेकर किसान संगठनों ने सोमवार को सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी और मानसा एक्शन कमेटी के आह्वान पर पंजाब भर में आम आदमी पार्टी के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के आवासों व कार्यालयों के बाहर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक विरोध प्रदर्शन कर मांगपत्र सौंपे गए। इसी कड़ी में अमृतसर में किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और गुरबचन सिंह चब्बा के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के आवास के बाहर प्रदर्शन किया गया। किसान नेताओं ने परविंदर सिंह झोटा की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता गुरबचन सिंह चब्बा ने कहा कि परविंदर सिंह झोटा लंबे समय से नशे के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे और युवाओं को नशे से बचाने के लिए आवाज उठा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में सरकार की भूमिका और कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने हथियार लाइसेंस से जुड़े मामले पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ पहले से मामले दर्ज थे, तो उसे दोबारा हथियार का लाइसेंस कैसे जारी किया गया? किसान नेताओं ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक पीड़ित परिवार और इंसाफ कमेटी को न्याय नहीं मिलता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने पंजाब में नशे की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि नशे के कारण अनेक परिवार प्रभावित हो रहे हैं और युवाओं का भविष्य खतरे में है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से इस समस्या के खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए पंधेर ने आरोप लगाया कि राजनीतिक नेता पंजाब के गंभीर मुद्दों पर स्थायी समाधान देने के बजाय राजनीतिक लाभ लेने आते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि देश में नशे की तस्करी रोकने के लिए सीमा सुरक्षा और नशे की आपूर्ति के नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। पंधेर ने कहा कि नशे के मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी के बजाय ठोस कार्रवाई की जरूरत है।

सरकार को आंदोलन तेज करने की चेतावनी

किसान नेताओं ने कहा कि सोमवार का तीन घंटे का प्रदर्शन सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया था। यदि नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई और परविंदर सिंह झोटा के मामले में इंसाफ देने में देरी हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने पंजाब के लोगों और युवाओं से अपील की कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर नशे के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हों, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इस गंभीर समस्या से बचाया जा सके।

अलीशेर हादसे के पीड़ितों से मिले पूर्व वित्त मंत्री परमिंदर सिंह ढींडसा

मृतक के परिवार को 50 लाख और घायलों को 20-20 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग, सरकार पर साधा निशाना

डेली आवाज भारती



पंजाब। पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री परमिंदर सिंह ढींडसा ने आज अस्पताल पहुंचकर अलीशेर में हुए हादसे में घायल मनरेगा मजदूरों का हालचाल जाना। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए इसे बेहद निंदनीय बताया और पंजाब सरकार से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की। परमिंदर सिंह ढींडसा ने कहा कि रविवार को मनरेगा मजदूर अपने काम में लगे हुए थे, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि इस घटना ने गरीब परिवारों को गहरा आघात पहुंचाया है। सरकार को पीड़ित परिवारों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए तत्काल सहायता प्रदान करनी चाहिए। पूर्व वित्त मंत्री ने पंजाब सरकार से मांग की कि हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, हादसे में घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूर मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में हादसे के बाद प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहारे की जरूरत है। सरकार को उनकी मदद के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। परमिंदर सिंह ढींडसा ने नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा के मामले को लेकर भी पंजाब सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों के आवासों पर झोटा के समर्थन में नोटिस चिपकाने की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि यह विरोध दर्ज कराने का एक तरीका है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक सरकार का कोई प्रतिनिधि परविंदर सिंह झोटा के परिवार से मिलने नहीं पहुंचा है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार को पीड़ित परिवार की सुध लेनी चाहिए।

गरीब परिवारों की मदद करे सरकार

ढींडसा ने आरोप लगाया कि पंजाब में गरीब और कमजोर वर्गों के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। उन्होंने सरकार से अपील की कि हादसे के पीड़ितों को जल्द मुआवजा दिया जाए और परविंदर सिंह झोटा के मामले में भी परिवार को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

CMYK